आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 227 | हापुड़ , मंगलवार 4 मार्च 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

## प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की, शेरों की अनुमानित आबादी की घोषणा की

सासण (गुजरात)/नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की और इस साल मई में एशियाई शेरों की अनुमानित आबादी की घोषणा की। गिर राष्ट्रीय उद्यान में सुबह अपनी लॉयन सफारी पूरी करने के तुरंत बाद, मोदी गुजरात के जूनागढ़ जिले के सासण में एनबीडब्ल्यूएल की बैठक के लिए रवाना हुए, जिसमें केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और अन्य सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर मोदी ने जूनागढ़ में राष्ट्रीय रेफरल केंद्र-वन्यजीव की आधारशिला रखी और इस साल मई में एशियाई शेरों के 16वें जनसंख्या अनुमान की घोषणा की। उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर में मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र एसएसीओएन की स्थापना की भी घोषणा की और नदी डॉल्फिन पर एक पुस्तक का विमोचन किया। वन्यजीव संरक्षण पर सरकार को सलाह देने वाली वैधानिक संस्था एनबीडब्ल्यूएल में 47 सदस्य हैं, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं। प्रधानमंत्री एनबीडब्ल्यूएल के पदेन अध्यक्ष होते हैं और केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री बोर्ड के उपाध्यक्ष होते हैं। सफारी के बाद मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सामूहिक प्रयासों के कारण एशियाई शेरों की आबादी में लगातार वृद्धि देखी गई है। उन्होंने एशियाई शेरों के आवास को संरक्षित करने में आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों और महिलाओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, ''आज सुबह विश्व वन्यजीव दिवस पर मैं गिर में सफारी




पर गया। जैसा कि हम सभी जानते हैं, गिर एशियाई शेरों का घर है। गिर आकर मुझे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान किए गए सामूहिक कार्यों की कई यादें भी ताज़ा हो गईं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कई वर्षों में, सामूहिक प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया है कि एशियाई शेरों की आबादी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा, ''एशियाई शेरों के आवास को संरक्षित करने में आदिवासी समुदायों और आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं की भूमिका भी उतनी ही सराहनीय है।'' प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा, ''पिछले एक दशक में बाघ, तेंदुए, गैंडों की आबादी भी बढ़ी है, जो यह दर्शाता है कि हम वन्यजीवों को कितनी गहराई से संजोते हैं और जानवरों के लिए स्थायी आवास बनाने के लिए काम कर रहे हैं।'' एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने एशियाई शेरों के संरक्षण के वास्ते 'प्रोजेक्ट लायन' के लिए 2,900 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में एशियाई शेर गुजरात के 9 जिलों के 53 तालुकों में करीब 30,000 वर्ग किलोमीटर में रह रहे हैं। एशियाई शेर का वैज्ञानिक नाम पैंथेरा लियो पर्सिका है। इसके अतिरिक्त, एक राष्ट्रीय परियोजना के हिस्से के रूप में, जूनागढ़ जिले के न्यू पिपल्या में 20.24 हेक्टेयर भूमि पर वन्यजीव के लिए एक राष्ट्रीय रेफरल केंद्र स्थापित किया जा रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि संरक्षण प्रयासों को मजबूत करने के उद्देश्य से सासण में वन्यजीव ट्रैकिंग के लिए एक उच्च तकनीक निगरानी केंद्र और एक अत्याधुनिक अस्पताल भी स्थापित किया गया है। राज्य सरकार ने ग्रेटर गिर क्षेत्र में रेलवे पटरियों पर शेरों की आवाजाही के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे के सहयोग से एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी तैयार की है। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''इससे ऐसी घटनाओं में काफी कमी आई है।'' गुजरात की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के तहत मोदी ने रविवार को गिर सोमनाथ जिले के सोमनाथ मंदिर में पूजा की और रिलायंस जामनगर रिफाइनरी परिसर में स्थित 'वनतारा' का दौरा किया। वनतारा वन्यजीवों के कल्याण के लिए समर्पित बचाव केंद्र है। यह दुर्व्यवहार और शोषण से बचाए गए पशुओं को अभयारण्य, पुनर्वास व चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है।

## देश के विकास को गति देता है डेयरी क्षेत्र - अमित शाह



नई दिल्ली । केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। केंद्रीय मंत्री शाह नई दिल्ली के भारत मंडपम में डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी विषय पर आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान अमित शाह ने डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सर्कुलरिटी पर आधारित मार्गदर्शिका का विमोचन किया। यह मार्गदर्शिका जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने, मृदा स्वास्थ्य सुधारने और डेयरी किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए जकरियापुर मॉडल, वाराणसी मॉडल, और बनास मॉडल पर मार्गदर्शन प्रदान करती है। राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन भी मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा कि हमारा डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देता है लेकिन साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों, भूमिहीन किसानों और छोटे किसानों को समृद्ध बनाने में भी इसका बहुत बड़ा योगदान है। यह हमारे देश के पोषण का ध्यान रखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे सामने दो लक्ष्य रखे हैं, जिनमें दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना और 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी क्षेत्रों की संभावनाओं के शत प्रतिशत दोहन की पद्धति विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि हम श्वेत क्रांति दो की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी का महत्व बहुत बढ़ जाता है। श्वेत क्रांति एक में जो हमने हासिल किया है उसमें सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी को हासिल करना शेष है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की कृषि व्यवस्था एक तरह से छोटे किसानों पर आधारित है, इसलिए हमारे पास डेयरी के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। बहुत कम विकल्प हैं, और मेरा मानना है कि यह सेमिनार डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने में सहायक होगा। शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमने खेती में खुशहाली की दिशा में एक आशाजनक शुरुआत की है। गांव से वैश्विक स्तर पर जाने का साहस बढ़ा है और नई पद्धतियां विकसित हुई हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि एक समूह के रूप में सफल होने का आत्मविश्वास सहकारी समितियों के माध्यम से बढ़ रहा है और पूरी श्रृंखला खेत से कारखाने तक ग्रामीण परिदृश्य के भीतर ही रहनी चाहिए। मंत्री ने डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सर्कुलरिटी में कुछ विषयों को जोड़ने के साथ ही एनडीबीबी और नाबार्ड को छह माह में प्रायोगिक योजना को किसी न किसी जिले में लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जैविक खाद का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए जिला के दुग्ध संघ और ग्रामीण डेयरी को क्षेत्र के सभी किसानों के गोबर का प्रबंधन करना चाहिए। बायोगैस के उत्पादन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि दो साल का लक्ष्य तय करके 250 जिलों के जिला उत्पादक संघ में कोई न कोई मॉडल सफलता पूर्वक करने का समयबद्ध कार्यक्रम करना चाहिए। मंत्री ने गुजरात के बनासकांठा और पंचमहल में माइक्रो एटीएम के प्रयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे पशुपालकों को काफी लाभ मिला है। उन्होंने नाबार्ड से इस मॉडल को प्रत्येक जिला संघ तह पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया।

## यूपी के कपड़ा उद्योग को मिलेगी नई पहचान, टेक्सटाइल पार्क के लिए 300 करोड़ रुपये खर्च करेगी योगी सरकार



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और निर्देशन में यूपी का हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में यह उद्योग कृषि के बाद सबसे अधिक रोजगार प्रदान करने वाला विकेन्द्रीयकृत कुटीर उद्योग बनकर उभरा है। इस क्षेत्र में लगभग 1.91 लाख हथकरघा बुनकर एवं 80 हजार से अधिक परिवार संलग्न हैं। वहीं, 2.58 लाख पावरलूम के माध्यम से 5.50 लाख से अधिक बुनकरों को रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है, जिससे बुनकरों और उद्यमियों को सीधा लाभ मिलेगा। राज्य में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए 300 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। पीएम मित्र योजना के अंतर्गत बनने वाले पार्क वस्त्र उद्योग को आधुनिक तकनीकों से लैस करेंगे और उत्पादन लागत को कम करके उद्योग को प्रतिस्पर्धात्मक बनाएंगे। इससे उत्तर प्रदेश के कपड़ा उद्योग को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी। इसके अलावा, योगी सरकार ने वस्त्र एवं परिधान उद्योग को गति देने के लिए उत्तर प्रदेश वस्त्र-गारमेंटिंग नीति-2022 लागू की है, जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए बजट 2025-26 में 150 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इस नीति का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को परिधान निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाना है, जिससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा। यह योगी सरकार के प्रदेश को टेक्सटाइल हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेंगे तथा पारंपरिक बुनकरों एवं नए उद्यमियों को नई उड़ान देंगे। पावरलूम बुनकरों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने बजट में 400 करोड़ रुपए की लागत से अटल बिहारी वाजपेयी पावरलूम विद्युत फ्लैट रेट योजना को प्रस्तावित किया है। इस योजना से बुनकरों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनके उत्पादन की लागत कम होगी और उनकी आमदनी में वृद्धि होगी। इस पहल का उद्देश्य चुनौतियों का सामना कर रहे पावरलूम उद्योग को पर्याप्त बढ़ावा देना और बाजार में इसकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। योगी सरकार की पहलें हथकरघा, वस्त्र और परिधान उद्योग को एक नई ऊंचाई देने के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। आधुनिक टेक्सटाइल पार्क, सब्सिडी वाली बिजली और नई नीतियों से प्रदेश का वस्त्र उद्योग आत्मनिर्भर बनेगा और लाखों लोगों को नए रोजगार मिलेंगे। योगी सरकार के प्रयास उत्तर प्रदेश में कपड़ा उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इन उपायों का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, उत्पादकता बढ़ाना और कपड़ा क्षेत्र के विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाना है।

## भारत 2027 तक दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बना लेगा - राजनाथ

नई दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण में पूरे दिल से योगदान देने का आह्वान किया है। उन्होंने इसे प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय कर्तव्य बताया है। भारत के सैनिक हमेशा कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं पर दृढ़, सतर्क और तैयार रहते हैं तथा साहस और तत्परता के साथ देश को सभी प्रकार के खतरों से बचाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आगे बढ़कर हर संभव तरीके से उनका समर्थन करना राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी है। नई दिल्ली में सोमवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (एएफएफडी सीएसआर) सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार भारत की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने तथा अपने सैनिकों के साथ ही उनके परिजनों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजनाथ सिंह ने कहा कि सीएसआर का मतलब सिर्फ 2 प्रतिशत योगदान नहीं है, बल्कि यह वीर सैनिकों और उनके आश्रितों से दिल से दिल का जुड़ाव है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित शीर्ष कॉर्पोरेट प्रमुखों से कहा कि आप जो भी योगदान देंगे, वह साधारण नहीं होगा। आपको इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि कल जब आपकी वास्तविक बैलेंस शीट तैयार होगी, तो उसमें देनदारियों से ज्यादा संतुष्टि और खुशी की संपत्तियां




होंगी। सीएसआर कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्री ने मोदी सरकार की निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सभी हितधारकों के सम्मिलित प्रयासों से आत्मनिर्भर और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ भारत 2027 तक दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बना लेगा। उन्होंने एएफएफडी फंड में उदारतापूर्वक योगदान के लिए कॉरपोरेट घरानों की सराहना की और इस अवसर पर शीर्ष सीएसआर दानदाताओं को सम्मानित किया। रक्षा मंत्रालय का पूर्व सैनिक कल्याण विभाग युद्ध विधवाओं, शहीद सैनिकों के आश्रितों और पूर्व सैनिकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए कार्य कर रहा है, जिनमें दिव्यांग भी शामिल हैं। इसके लिए उन्हें उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं जैसे निर्धनता अनुदान, बच्चों की शिक्षा का अनुदान, अंत्येष्टि अनुदान, चिकित्सा अनुदान और अनाथ और दिव्यांग बच्चों के लिए अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सम्मेलन में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, सचिव (पूर्व सैनिक कल्याण) डॉ. नितेन चंद्रा, रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, सीएसआर समुदाय के सदस्य तथा सशस्त्र बलों के सेवारत एवं सेवानिवृत्त कार्मिक शामिल हुए।

## हमें गाली देने से कुछ नहीं होगा, दिल्लीवालों ने आपको चुनकर भेजा है, उनके वादों को पूरा करिए - आतिशी

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा का आज का सत्र काफी हंगामेदार रहा। स्वास्थ्य सेवाओं पर आई कैग रिपोर्ट और उसकी चर्चा के दौरान कई बार आम आदमी पार्टी और बीजेपी विधायकों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। बीजेपी विधायकों के बाद नेता विपक्ष आतिशी ने अपनी बात रखी।

आतिशी ने दिल्ली के हेल्थ सिस्टम पर आप को लगातार घेरने पर आयुष्मान योजना को लेकर कटाक्ष किया। आतिशी ने इस बीच कुछ ऐसा कहा कि वहां सदन में बैठा हर कोई हैरान रह गया। आतिशी ने कहा कि बीजेपी वाले तो हमें गाली देते हैं। चलिए मान लिया कि हम चोर हैं... हम नालायक हैं... इसपर बीजेपी विधायक शोर मचाने लगे। आतिशी ने कहा कि दिल्लीवालों ने आपको चुनकर भेजा है, उनके वादों को पूरा करिए, हमें गाली देने से कुछ नहीं होगा। कैग रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान आतिशी ने कहा कि पिछले 4 दिनों में कुल 55 सदस्यों ने अपनी बात रखी है। स्पीकर महोदय ने मुझे गरिमा बनाए रखने के लिए पत्र लिखा था। इसपर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें




कैग रिपोर्ट पर बोलने को कहा। इसपर आतिशी ने कहा कि बीजेपी वालों ने कहा कि आम आदमी पार्टी वाले चोर हैं, गुंडे हैं, नालायक हैं, कातिल हैं, डरपोक हैं, घमंडी हैं, चोर हैं। आतिशी ने आगे कहा कि महरौली के बीजेपी विधायक ने तो मुझे शूर्पनखा तक कह डाला।आतिशी इसके बाद भी नहीं रुकीं। उन्होंने आगे कहा कि चलिए हमने आपकी सब बात माल ली कि हम हैं चोर... हम हैं नालायक...लेकिन दिल्लीवालों ने आपको काम करने के लिए भेजा है, गाली देने के लिए नहीं। आतिशी ने आगे कहा कि बीजेपी वाले मुझे और अरविंद केजरीवाल को गाली देते हैं। इसके बाद स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने उन्हें बैठने को कहा। आतिशी ने जाते-जाते सीएम रेखा गुप्ता से अनुरोध किया। हालांकि बोलते-बोलते उनका माइक बंद कर दिया गया। इसके बाद भी आतिशी अपनी बात रखती रहीं। सीएम रेखा गुप्ता ने भी चुटकी लेते हुए कहा कि मुझे आतिशी और अरविंद केजरीवाल की एक बात अच्छी लगती है कि ये लोग अपनी गलती मान लेते हैं।

## आप सरकार ने स्वास्थ्य के नाम सिर्फ भ्रष्टाचार किया - गुप्ता

नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछले 10 साल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने स्वास्थ्य के नाम सिर्फ भ्रष्टाचार करने का काम किया है। श्रीमती गुप्ता ने स्वास्थ्य संबंधित कैग की रिपोर्ट पर विधानसभा में चर्चा में आज कहा कि दिल्ली में कोरोना के समय लाखों लोगों को जो परेशानियां उठानी पड़ी उसके लिए केजरीवाल सरकार जिम्मेदार थी। आम आदमी पार्टी सर से लेकर पैर तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है सिर्फ ध्यान भटकाने के लिए इधर उधर की बात करते हैं। अभी कैग की दो रिपोर्ट आई है तभी इतने बैखला गये है अभी बारह रिपोर्ट और आने वाली है।

सिर्फ यह विषय नहीं है कि अस्पतालों का बजट कोविड के समय कम





इस्तेमाल हुई बल्कि उस समय जो घटनाएं घटी वह सोचकर दिल दहल जाता है। उन्होंने कहा कि मरीजों को नकली दवाईयां और असली भुगतान किया गया। मोहल्ला क्लिनिक की जो हालत थी जहां मरीज भी नकली, जांच भी नकली जहां दवाइयां भी नकली लेकिन एक चीज असली थी वह थी भुगतान। भुगतान के अलावा सब कुछ नकली थी। मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सफाई के नाम पर घोटाला, दवाई के नाम पर घोटाला, जांच के नाम पर घोटाला, इलाज के नाम पर घोटाला, बेड के नाम पर घोटाला, भर्ती के नाम पर घोटाला हुआ। केजरीवाल सरकार घोटालों की सरकार थी। उन्होंने कहा कि नर्सिंग स्टाफ की जो स्वीकृत पद 7977 में से केवल 5791 हैं। 2186 पद आज भी खाली पडे है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जहां नर्सिंग स्टाफ की कमी है वहां अस्पतालों की क्या हालत हो रही होगी। ड्यूटी मेडिकल आफिसर के आज भी 234 सीटें खाली है। एक एक विभाग में पद खाली पड़े है। उन्होंने कहा कि दस साल में केजरीवाल दिल्ली को बेहाल कर गये। दिल्ली सरकार एक एक विभाग कर्ज में डूबा है।

हमारी नीति और नीयत साफ है। हम दिल्ली को भयंकर हालात से बाहर लेकर जाएगे और दिल्ली के लिए बेहतर काम करेंगें।

# संपादकीय

## पूजा घर बनाते वक्त रखें इन बातों का ध्यान



भागदौड़ से भरे इस तनावपूर्ण जीवन में पूजा-पाठ का अहम स्थान है। वास्तु के अनुसार बनाया गया पूजा घर या घर में रखा मंदिर, पूरे दिन के तनाव और चिंता को कुछ ही समय में शांत कर सकता है और हमारे अंदर नई ऊर्जा भी भर देता है। लिहाजा पूजा घर बनवाते वक्त वास्तु के अनुसार कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है-

-पूजा घर के लिये ईशान (उत्तर-पूर्व) दिशा सबसे उपयुक्त मानी गयी है। यह दिशा उत्तर व पूर्व दोनों शुभ दिशाओं से युक्त है। घर में पूजा घर ईशान दिशा में बनाने से सुख-समृद्धि और शांति की वृद्धि होती है।

-घर के पूजा घर में कभी स्थिर प्रतिमा नहीं लगानी चाहिये। गृहस्थ के लिये यह ठीक नहीं है। कागज की तस्वीरें व छोटी मूर्तियां लगा सकते हैं।

-जितना संभव हो घर की रसोई और शयनकक्ष में पूजा घर नहीं बनाना चाहिए।

-पूजा घर के ऊपर या नीचे टॉयलेट नहीं होना चाहिए। और यदि संभव हो तो पूजा घर से सटा हुआ भी नहीं होना चाहिए।

-पूजा घर का आकार पिरामिड जैसा हो तो बहुत ही लाभदायक है। साथ ही इसके दरवाजे स्वयं बन्द व खुलने वाले नहीं होने चाहिये।

-पूजा घर के अन्दर जूते-चप्पल, झाडू बिल्कुल नहीं होने चाहिए। साथ ही किसी भी तरह की खंडित प्रतिमा भी पूजा घर के अंदर रखने की मनाही है।

-गणेश जी की प्रतिमा पूर्व या पश्चिम दिशा में न रखकर दक्षिण दिशा में रखें। हनुमान जी की तस्वीर या मूर्ति उत्तर दिशा में स्थापित करें ताकि उनका मुख दक्षिण दिशा की ओर रहे। अन्य देवी-देवताओं के साथ भगवान शिव की तस्वीर या मूर्ति रख सकते हैं।

-पूजाघर की दीवारों का रंग सफेद या हल्का पीला बेहतर रहता है। पूजाघर में सम्भव हो तो उत्तर या पूर्व की ओर खिड़की अवश्य रखें। दरवाजा भी इसी दिशा में हो तो और अच्छा है।

## 4 मार्च 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 06.49 प्रात-
सूर्यास्त- 06.27 सायं
सूर्य राशि- कुम्भ राशि में।
चंद्र उदय- 09.33 प्रात-
चंद्र अस्त- 11.14 रात्रि
चंद्रमा- मेष राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना फाल्गुन -04 पूर्णिमांत महीना फाल्गुन-20 पक्ष-शुक्ल पक्ष-05 तिथि-पंचमी दोपहर- 03.16 तक बाद में षष्ठी, नक्षत्र-भरणि प्रात- 02.37 तक बाद में कृतिका, योग-इंद्र रात्रि- 02.07 तक बाद में वैधृती,करण-बालव दोपहर- 03.16 तक बाद में कौलव दोपहर- 02.01 तक बाद में तैतील,राहु काल प्रात- 03.00 से 04.30 बजे तक कुलीक काल दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक,यमगंड प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त-दोपहर- 12.15 से 01.01 तक, दुमुहूर्त- प्रात- 09.09 से 09.55 तक व 11.23 से 12.13 तक अमृत काल रात्रि- 10.10 से 11.39 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.12 से 06.00 तक।

## 4 मार्च 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- सरकार से जुड़ा कार्य करते है तो धन मिलने में देरी होगी,जैसा सोचा था इच्छित परीणाम नहीं मिल पाएगा, घर लेने के लिए पैसा कम पड़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-48

वृषभ-आपका कहीं से माल आता है तो पकड़ में आ सकता है, टेंशन बढ़ेगी, वाहन का भी ध्यान रखें, रिस्क कार्य में धन लगा सकते है।
भाग्य प्रतिशत-53

मिथुन-अपने दांतों का नसों का ख्याल रखे, वैवाहिक जीवन में वफादार रहे, सरकारी काम को ध्यान से करें गलती से नुकसान हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-50

कर्क- प्रेम प्रसंग में अधिक नजदीकी ना करें, इंटरव्यू मन मुताबिक नहीं जाएगा,नॉलेज को बढ़ाना सीखिए, बैंक ट्रांजेक्शन करते समय ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-49

सिंह- किसी भी स्कीम में पैसा अभी ना लगाए, गारमेंट मैन्यूफैक्चरिंग, सेलफोन, सैलून कार्य थोड़ी परेशानी के साथ चलेगा, मेहनत ज्यादा करें।
भाग्य प्रतिशत-52

कन्या- किसी के विचारों को सुनने की आदत डाले, जिद्दीपन के कारण परेशानी सम्भव है, शिक्षा में परेशानी होगी, नौकरी में पूछताछ हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-48

तुला-किसी बड़ी परीक्षा में बैठने की तैयारी करेंगे, मानसिक थकन बढ़ेगी, वैवाहिक जीवन में सपोर्ट मिलेगा, रिश्तेदार के यहां कोई कार्यक्रम होगा।
भाग्य प्रतिशत-70

वृश्चिक- बाहर आना जाना मीटिंग में व्यस्तता रहेगी, महँगी चीजें खरीदना चाहेंगे, सबसे थोड़ा अच्छे से बरताव करें, पैसा मिलने में रूकावट आएगी।
भाग्य प्रतिशत-53

धनु- सुख बढ़ेगा, मकान फ्लेट की बुकिंग कर सकते है, लेनदेन में सावधानी भी रखना होगी, व्यवसाय में ग्राहकों को लुभाने वाली स्कीम दे।
भाग्य प्रतिशत-63

मकर- कला क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, किसी प्रकार की एलर्जी से परेशान रहेंगे, किसी की मदद कर सकते है, कानूनी कार्यवाही में भाग लेना पड़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-60

कुम्भ- जीवन साथी को समस्या बढ़ सकती है, खुद भी तनाव में आ सकते है, सरकारी कार्य लेते हैं तो समय पर पूरा करे, भाई बहनो से बातचीत होगी।
भाग्य प्रतिशत-48

मीन- प्रतिष्ठा बढ़ेगी, नए वस्त्र खरीद सकते है, विदेशी कम्पनी में नौकरी का इंटरव्यू दे सकते है, होटल व्यवसाय में प्रगति होगी।
भाग्य प्रतिशत-68

## अभिषेक बच्चन, नोरा फतेही की फिल्म बी हैप्पी का ट्रेलर रिलीज

मुंबई । प्राइम वीडियो ने आज अपनी आगामी ओरिजिनल फिल्म बी हैप्पी का दिल छू लेने वाला और मनोरंजक ट्रेलर रिलीज कर दिया है। लिज़ेल रेमो डिसूजा द्वारा रेमो डिसूजा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले निर्मित और रेमो डिसूजा निर्देशित, पारिवारिक मनोरंजक फिल्म बी हैप्पी, एक पिता और बेटी के अटूट बंधन, सपनों के पीछे भागने के जादू और डांस के प्रति गहरे जुनून का जश्न मनाती है। एक खुशमिजाज परिवार की कहानी के केंद्र में स्थित, बी हैप्पी में अभिषेक बच्चन, नोरा फतेही, नास्सर, और इनायत वर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि जॉनी लीवर और हरलीन सेठी सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म,14 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में हिंदी भाषा में रिलीज होगी, साथ ही तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में डब संस्करण भी उपलब्ध होंगे। अभिषेक बच्चन ने कहा, शिव का किरदार निभाना एक भावनात्मक यात्रा रही, क्योंकि वह एक ऐसा पिता है जो अपनी बेटी के सपने को पूरा करने के लिए समय और हालात से लड़ रहा है। बी हैप्पी सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह आत्मबल और साहस की एक प्रेरणादायक कहानी है, जो हमें यह सिखाती है कि जीवन की कठिनाइयों के बावजूद हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए। बिल्कुल डांस की तरह। इस फिल्म की आत्मा और प्रेरणा रेमो सर की दृष्टि और विशेषज्ञता से आई है। हर दृश्य में गहराई और भावनाओं को बुनने की उनकी क्षमता अद्वितीय है, और मेरा मानना है कि दर्शक कहानी और उसके किरदारों के साथ गहरा जुड़ाव महसूस करेंगे। मैं 14 मार्च को प्राइम वीडियो पर फिल्म के प्रीमियर का इंतजार कर रहा हूं। नोरा फतेही ने कहा,बी हैप्पी पर काम करना मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से खास अनुभव रहा। एक डांसर का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत मायने रखता है, क्योंकि इसने मुझे अपने दो सबसे बड़े जुनून,अभिनय और नृत्य को एक साथ लाने का मौका दिया। मुझे हमेशा बच्चों के साथ काम करने में मज़ा आता है, और इनायत ने अपने किरदार में जिस तरह की वास्तविकता और भावनाएं भरी हैं, वह देखने लायक है। अभिषेक बच्चन के साथ स्क्रीन साझा करना एक शानदार अनुभव था।उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण ने हर दृश्य को और बेहतर बना दिया। एक दूरदर्शी निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रेमो डिसूज़ा के साथ फिर से काम करना भी बहुत प्रेरणादायक रहा। नृत्य कहानी कहने में उनकी विशेषज्ञता ने मुझे अपने किरदार में सर्वश्रेष्ठ लाने के लिए प्रेरित किया। बी हैप्पी सपनों और मानवीय भावना की दृढ़ता का उत्सव है, और मुझे यकीन है कि यह फिल्म दुनिया भर के दर्शकों के दिलों को छूएगी। लिज़ेल रेमो डिसूज़ा ने कहा, बी हैप्पी एक सरल लेकिन भावनात्मक रूप से समृद्ध कहानी है, जो एक डांस प्रतियोगिता की पृष्ठभूमि में पिता और बेटी के रिश्ते को खूबसूरती से दर्शाती है। यह भावनाओं और हल्के-फुल्के पलों के बीच संतुलन बनाते हुए ऐसे सार्वभौमिक विषयों को छूती है, जो दर्शकों के दिलों में गहराई तक उतरेंगे। अभिषेक, नोरा, नास्सर, इनायत और पूरी टीम ने इस अनूठी कहानी को सजीव करने में शानदार काम किया है। प्राइम वीडियो के साथ काम करने का अनुभव अविश्वसनीय रहा है। वे कहानियों को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं, और यह वास्तव में प्रेरणादायक है। मुझे खुशी है कि यह फिल्म 14 मार्च को प्राइम वीडियो पर विश्व स्तर पर रिलीज़ होने जा रही है।

## सोने-चांदी की कीमतों में तेजी



नई दिल्ली । इस सप्ताह के पहले दिन सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखने को मिल रही है। सोमवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 84,550 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 94,750 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 292 रुपये की तेजी के साथ 84,511 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 343 रुपये की तेजी के साथ 84,562 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 272 रुपये की तेजी के साथ 94,600 रुपये पर खुला। इस समय यह 434 रुपये की तेजी के साथ 94,762 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने-चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। कॉमेक्स पर सोना 2,872 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,848.50 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 30.70 डॉलर की तेजी के साथ 2,879.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.71 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.49 डॉलर था। इस समय यह 0.40 डॉलर की तेजी के साथ 31.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## रुपया नौ पैसे बढ़कर 87.28 पर खुला



मुंबई । रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे बढ़कर 87.28 पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में कुछ सुधार के संकेत के कारण रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि शुक्रवार को जारी ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश की अर्थव्यवस्था अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 6.2 प्रतिशत बढ़ी है। ऐसे में विदेशी पूंजी की निकासी रुकने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हालांकि अमेरिकी शुल्क से पैदा हुई अस्थिरता जारी है, जिसके चलते कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.36 पर खुला और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले बढ़त के साथ 87.28 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19 पैसे गिरकर 87.37 पर बंद हुआ था। इस बीच छह मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की ताकत को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.34 फीसदी गिरकर 107.19 पर कारोबार कर रहा था।

## बडी विनम्रता से मिका सिंह का 50 लाख का तोहफा वापस किया शाहरुख ने



मुंबई । हाल ही में मशहूर गायक मिका सिंह ने बॉलीवुड के किंग शाहरुख़ ख़ान से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया, जिससे यह साबित होता है कि शाहरुख़ सिर्फ एक सुपरस्टार ही नहीं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

एक इंटरव्यू में मिका सिंह ने बताया कि जब उनकी पहली बार शाहरुख़ से मुलाकात हुई, तो वह उनकी शख्सियत से बेहद प्रभावित हुए। इस मुलाकात के दौरान मिका ने शाहरुख़ को 50 लाख रुपये की एक महंगी हीरे की अंगूठी गिफ्ट कर दी। मिका का कहना था कि उन्होंने यह अंगूठी बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और पंजाबी गायक गुरदास मान को भी दी थी और उन्हें लगा कि शाहरुख़ भी इसके हकदार हैं। हालांकि, अगली ही सुबह शाहरुख़ ने मिका को फोन किया और बड़ी विनम्रता से उनसे यह अंगूठी वापस लेने को कहा। शाहरुख़ ने कहा कि यह बहुत महंगी है और वह इसे नहीं रख सकते। मिका इस बात से काफी प्रभावित हुए और इस घटना के बाद दोनों की दोस्ती और गहरी हो गई। मिका ने बताया कि एक बार उनकी कार फिल्म सेट पर खड़ी थी और शाहरुख़ को वह इतनी पसंद आई कि उन्होंने उसे ले लिया और तीन महीने तक अपने पास रखा। मिका को इससे कोई आपत्ति नहीं थी, बल्कि उन्हें यह बात अच्छी लगी कि उनकी कार को किंग खान ने इस्तेमाल किया। मिका ने एक और दिलचस्प घटना का जिक्र करते हुए बताया कि जब वह ऋतिक रोशन के जन्मदिन की पार्टी में शामिल हुए, तो वहां शाहरुख़, गौरी खान और रणवीर सिंह भी मौजूद थे। पार्टी खत्म होने के बाद सुबह 5 बजे जब सभी बाहर आए, तो शाहरुख़ ने सभी को एक ही कार में चलने को कहा। मिका की कार में जगह कम थी, इसलिए रणवीर सिंह को ट्रंक में बैठना पड़ा। सबसे दिलचस्प बात यह थी कि शाहरुख़ ने खुद कार ड्राइव की और सबको उनके घर तक छोड़ा। फिलहाल, शाहरुख़ अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें वह पहली बार अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे।

बता दें कि शाहरुख़ ख़ान अपनी फिल्मों के अलावा अपनी विनम्रता और उदार स्वभाव के लिए भी मशहूर हैं। इंडस्ट्री में ऐसे कई किस्से हैं जब उन्होंने अपनी सादगी से लोगों का दिल जीता है।

## छावा का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार, कुल कलेक्शन 458.75 करोड़ रुपये



मुंबई । विक्की कौशल अभिनीत फिल्म छावा को रिलीज हुए तीन हफ्ते हो गए हैं, लेकिन दर्शकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। दुनिया भर में 14 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना जैसे सितारों की शानदार अदाकारी से सजी है। छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित इस ऐतिहासिक फिल्म ने भारी मुनाफा कमाया है। फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी। स्क्रीनिंग से पहले ही फिल्म के सभी शो हाउसफुल थे। फिल्म छावा 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। छावा ने अब तक कई नए रिकॉर्ड भी अपने नाम किए हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग में 5 लाख टिकटें बिक गईं। इससे अकेले 13.70 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। फिल्म का बजट 130 करोड़ है। वर्ष 2025 की शुरुआत बॉलीवुड ने छावा के साथ जोरदार तरीके से की है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार छावा ने रिलीज के 17वें दिन, यानी तीसरे रविवार को 24.25 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 458.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह विक्की कौशल के करियर की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। इससे पहले उनकी सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक थी, लेकिन छावा ने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। फिल्म छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं। रश्मिका मंदाना रानी येसुबाई की भूमिका निभा रही हैं। लक्ष्मण उटेकर ने छावा का निर्देशन किया है और फिल्म में अक्षय खन्ना, दिव्या दत्ता और डायना पेंटी भी हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025- वरूण का पंजा मैट पर भारी, भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया




दुबई । श्रेयस अय्यर (79), हार्दिक पंड्या (45) और अक्षर पटेल (42) की शानदार पारियों के बाद वरूण चक्रवर्ती (पांच विकेट) और अन्य के बेहतरीन स्पिन आक्रमण की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के 12वें मुकाबले में 44 रनों से हराकर अपना विजय क्रम जारी रखा। 250 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 49 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। रचिन रविंद्र (छह) को हार्दिक ने आउट किया। उसके बाद 12वें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने विल यंग (22) को चलता कर दिया। इसके बाद केन विलियमसन और डैरिल मिचेल ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी हुई। 26वें ओवर की पहली गेंद कुलदीप यादव ने डैरिल मिचेल (17) को पगबाधा कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद तो भारतीय स्पिन गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर अपना शिकंजा कस लिया। भारतीय स्पिन आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। टॉम लेथम (14), ग्लेन फिलिप्स (12) और माइकल ब्रेसवेल को वरूण चक्रवर्ती ने पगबाधा आउट किया। 41वें ओवर में अक्षर पटेल ने एक छोर थामे रन बटोर कर शतक की ओर बढ़ रहे केन विलियमसन को केएल राहुल के हाथों स्टंप कराकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। केन विलियमसन ने 120 गेंदों में सात चौकों की मदद से (81) रनों की पारी खेली। अपनी टीम को जीत की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे कप्तान मिचेल सैंटनर (28) को वरूण ने 45वें ओवर में बोल्ड कर न्यूजीलैंड की जीत की उम्मीद को खत्म कर दिया। इसी ओवर में मैट हेनरी (दो) भी वरूण का शिकार बने। इसके बाद कुलदीप यादव ने विलियम ओरूर्क (एक) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड की पारी को 45.3 ओवर में 205 रन पर समेट कर मैच भारत की झोली में डाल दिया। भारत की ओर से वरूण चक्रवर्ती ने पांच विकेट लिये। कुलदीप यादव को दो विकेट मिले। हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहाँ न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में शुभमन गिल (दो) का विकेट गवां दिया। उन्हें मैट हेनरी ने पगबाधा आउट किया। छठें ओवर में काइल जेमीसन ने कप्तान रोहित शर्मा (15) को विल यंग के हाथों कैच आउट कराकर भारत को दूसरा झटका दिया। इसके बाद मैट हेनरी ने विराट कोहली (11) को फिलिप्स के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। 30 के स्कोर पर तीन विकेट गवां चुकी भारतीय टीम को श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल की जोड़ी ने संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में रचिन रविंद्र ने अक्षर पटेल को आउट कर न्यूजीलैंड को चौथी सफलता दिलाई। अक्षर पटेल ने 61 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (42) रनों की पारी खेली। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे श्रेयस अय्यर को 37वें ओवर में विलियम ओरूर्क ने आउट किया। श्रेयस अय्यर ने 98 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (79) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। 40वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने के एल राहुल (23) को अपना शिकार बनाया। 46वें ओवर में मैट हेनरी ने रवींद्र जाडेजा (16) को आउट न्यूजीलैंड को सातवीं सफलता दिलाई। मैट हेनरी ने 50वें ओवर में हार्दिक पंड्या को आउट किया। हार्दिक पंड्या ने 45 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (45) रनों की शानदार पारी खेली। मोहम्मद शमी (पांच) मैट हेनरी का पांचवां शिकार बने। न्यूजीलैंड के शानदार गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारत निर्धारित 50 ओवरों नौ विकेट पर 249 रन ही बना सका। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने पांच विकेट लिये। काइल जेमीसन, विलियम ओरूर्क, मिचेल सैंटनर और रचिन रविंद्र ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## बुलंदशहर में दिनदहाड़े फायरिंग, इलाके में मची सनसनी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। जिले के थाना शिकारपुर क्षेत्र के गांव मुरली नगला में सोमवार को दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी के बाद फायरिंग हो गई, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि घटना की वजह पुरानी रंजिश है। दिनदहाड़े हुई इस फायरिंग की घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही शिकारपुर और सलेमपुर थाना पुलिस भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से खाली खोखे बरामद किए हैं और मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कह रही है। इस फायरिंग से ग्रामीणों में भय का माहौल है, वहीं पुलिस स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए लगातार गश्त कर रही है।

## बुलंदशहर पुलिस की प्रभावी पैरवी से दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बुलंदशहर पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष के कारावास और 35,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अभियुक्त जफरुद्दीन पुत्र इस्माइल, निवासी ग्राम सिरसा, थाना छर्रा, जनपद अलीगढ़ ने वर्ष 2015 में थाना कोतवाली देहात क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म किया था। इस संबंध में 03 जनवरी 2015 को थाना कोतवाली देहात में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने 13 मार्च 2015 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इस मामले को प्राथमिकता से लिया गया और मॉनिटरिंग सेल, बुलंदशहर ने न्यायालय में सशक्त पैरवी की। अभियोजन पक्ष द्वारा पांच गवाह पेश किए गए, जिसके आधार पर विशेष पोक्सो अदालत के न्यायाधीश श्री तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। इस सफलता में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता श्री सुनील शर्मा, श्री वरुण कौशिक और श्री आशुतोष सिंह की अहम भूमिका रही। बुलंदशहर पुलिस द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के चलते आरोपी को सजा दिलाई जा सकी, जिसे न्यायिक प्रक्रिया में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## बुलंदशहर में हत्या के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, मृतक का मोबाइल और गांजा बरामद



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। थाना गुलावठी पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित अभियुक्त परवेज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से मृतक का मोबाइल फोन और 2 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद किया है। मामला 25-26 फरवरी 2025 की रात का है, जब गुलावठी निवासी भंवर सिंह जेपी फार्म हाउस में शादी समारोह में शामिल होने गए थे, लेकिन घर नहीं लौटे। सुबह उनकी तलाश करने पर शव जेपी फार्म हाउस के सामने एक टाट के कमरे में मिला। परिजनों की शिकायत पर थाना गुलावठी में हत्या का मामला दर्ज किया गया। जांच में मुजाहिद उर्फ लंगड़ा और परवेज के नाम सामने आए। पुलिस ने 2 मार्च को मुख्य अभियुक्त मुजाहिद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि उसने मृतक का मोबाइल अपने साथी परवेज को देने की बात कबूल की। इसके आधार पर पुलिस ने 3 मार्च को खुशहालपुर अंडरपास के पास से परवेज को गिरफ्तार किया और उसके पास से मृतक का मोबाइल फोन और गांजा बरामद किया। अभियुक्त परवेज के खिलाफ गुलावठी थाने में हत्या और एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी सुनीता मलिक, उपनिरीक्षक संजीव कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, लगाया दो - दो हजार रुपए का जुर्माना




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर में तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए ₹2000-₹2000 का जुर्माना लगाया। बोर्ड परीक्षाओं के चलते प्रशासन द्वारा पहले ही डीजे संचालकों को नोटिस दिया गया था, लेकिन बावजूद इसके वे नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। इसी के मद्देनजर कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अंबेडकर पार्क के सामने डीजे संचालकों पर कार्रवाई की। इस कार्रवाई के बाद डीजे संचालकों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने पहले ही 12 डीजे संचालकों को नोटिस जारी किया था। कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि ध्वनि की सीमा 45-50 डेसिबल तय की गई है, इससे अधिक आवाज में बजने पर कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी नियम उल्लंघन की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इसके अलावा, पुलिस प्रशासन ने अवैध वाहनों पर भी सख्ती शुरू कर दी है। बिना नंबर प्लेट के ई-रिक्शा और बिना परमिट वाले ऑटो को जब्त किया जा रहा है। हापुड़ परमिट पर गुलावठी में चल रहे छह ऑटो पहले ही सीज किए जा चुके हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से आम नागरिकों ने राहत की सांस ली है।

## बुलंदशहर में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक









उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत जिले के विभिन्न थानों की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो पुलिस टीमों ने व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भरता, सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत पुलिस टीमों ने क्षेत्र में जाकर बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वायड, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 और एंबुलेंस-102 की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा, पुलिस ने आत्मरक्षा के टिप्स, गुड टच-बैड टच की समझ और बाल श्रम उन्मूलन के प्रति भी जागरूक किया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक कर अपराधों की रोकथाम और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## जिलाधिकारी ने की चकबंदी कार्यों की समीक्षा, दिए सख्त निर्देश



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आज जिलाधिकारी एवं जिला उप संचालक चकबंदी श्रीमती श्रुति द्वारा चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में माह जनवरी एवं फरवरी तक की प्रगति की समीक्षा की गई और चकबंदी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने प्रथम चक्र के छह नए गजट ग्रामों और द्वितीय चक्र के पांच ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी और बंदोबस्त अधिकारी को संबंधित गांवों में बैठक कर प्रक्रिया में आ रही रुकावटों को दूर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नए गजट ग्रामों में कार्य प्रगति सुनिश्चित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाए और नए सहायक चकबंदी अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाए। साथ ही, प्रत्येक नए ग्राम में तीन लेखपालों की नियुक्ति कर 10 दिनों में सर्वेक्षण पूरा करने का अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। धारा 8 के तहत प्रत्येक गाटे के विनिमय अनुपात निर्धारण में पारदर्शिता बरतने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता चकबंदी प्रक्रिया को दूषित कर सकती है। उन्होंने ग्राम कुंवरपुर, त्यौर बुजुर्ग और पहासू देहात के सहायक चकबंदी अधिकारियों को दो दिनों के भीतर चकबंदी योजना तैयार कर बंदोबस्त अधिकारी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं, ग्राम खेलिया कल्याणपुर और शहजादपुर कनैनी के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी चकबंदी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके न्यायालयों में लंबित मुकदमों और ऑनलाइन दर्ज लंबित मुकदमों की संख्या में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। उन्होंने चकबंदी अधिकारी सदर, खुर्जा और शिकारपुर के न्यायालयों में लंबित मुकदमों और उनके निस्तारण में असंगति पाए जाने पर नाराजगी जताई और दो दिनों के भीतर विसंगति दूर कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पुराने मुकदमों के निस्तारण में शिथिलता पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रारूप 01 से 09 तक की समीक्षा की गई, जिसमें अपेक्षित प्रगति न होने पर असंतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने धारा 23 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए और डीडीसी चकबंदी को निगरानियों के शीघ्र निस्तारण के आदेश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) श्री अभिषेक कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पाल आदर्श जूनियर हाईस्कूल में खेल प्रतियोगिता, विक्रांत ने 400 मीटर दौड़ में बाजी मारी







उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद, बुलंदशहर। पाल आदर्श जूनियर हाईस्कूल, आंजनी में सोमवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक वेदप्रकाश लोधी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है, इसलिए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में भी रुचि लेनी चाहिए। प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में विक्रांत ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि अनमोल और दुष्यंत क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद में अमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, नैतिक दूसरे और ऋषभ तीसरे स्थान पर रहे। खो-खो प्रतियोगिता में छमा प्रथम, प्रिया द्वितीय और प्राची तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में उप प्रधानाचार्य यूसुफ, विकास और धर्मेंद्र सहित अन्य शिक्षकों ने सहयोग किया।

## त्योहारों को लेकर कोतवाली प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। होली, रमजान और ईद के मद्देनजर कोतवाली प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम सदर नवीन कुमार, क्षेत्राधिकारी पूर्णिमा सिंह, कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम सदर नवीन कुमार ने सभी धर्मगुरुओं और गणमान्य व्यक्तियों से त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। डीजे को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए कि तेज आवाज में बजाने की अनुमति नहीं होगी। सीओ सिकंदराबाद पूर्णिमा सिंह ने आश्वासन दिया कि पुलिस की व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहेगी और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने सभी नागरिकों से भाईचारे और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में नगर और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें मुख्ता मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र तेवतिया, नगर महामंत्री अनुराग तोमर, भाजपा नेता संजीव तेवतिया, मौलाना फरीद उद्दीन (शाही इमाम), हरिश्चंद्र रवि, नरेश यादव, पंडित सुरेश चंद शर्मा महंत बड़ा महादेव मंदिर सहित कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों के लोग शामिल रहे।

## औरंगाबाद में अवैध अतिक्रमण पर एसडीएम की सख्त कार्रवाई, नौ लोगों के चालान, ₹8000 जुर्माना वसूला





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद, बुलंदशहर। कस्बे में लंबे समय से चली आ रही अवैध अतिक्रमण की समस्या पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की। सोमवार को एसडीएम सदर नवीन कुमार ने पुलिस और नगर पंचायत की संयुक्त टीम के साथ अतिक्रमण हटवाया और संबंधित लोगों को कड़ी चेतावनी दी। कार्रवाई के दौरान नौ अतिक्रमणकारियों के चालान किए गए और कुल ₹8000 का जुर्माना वसूला गया। एसडीएम सदर ने स्पष्ट किया कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध अतिक्रमण के चलते कस्बे में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। इस अभियान में थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मुनेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी नीटू मलिक, अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर, विजय सिंह, नेमपाल, आफाक, ओमदत्त और सलीम खान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे अतिक्रमण न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शादी समारोह में शामिल हुए भाकियू चढ़ूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसानों के मुआवजे की मांग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर (रिशू कुमार)। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी अपने पदाधिकारियों के साथ शिकारपुर में युवा जिला अध्यक्ष छोटे सिंह रोहित चौधरी के विवाह समारोह में शामिल हुए। उन्होंने वर-वधु को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव मनोज नागर, प्रदेश अध्यक्ष सूबे सिंह डागर, एनसीआर अध्यक्ष चौधरी कुलदीप गुड्डू, एनसीआर उपाध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष सोनू तेवतिया, तहसील अध्यक्ष शिकारपुर सुदेश प्रधान, जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ राजेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष कार्यकारिणी बुलंदशहर, जिला अध्यक्ष विष्णु चौधरी, नरेंद्र राव, तहसील अध्यक्ष अनूपशहर राशिद ठाकुर, रिज़वान चौधरी, वेदवीर सिंह, अजीत चौधरी, सत्येंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष शिकारपुर पवन चौधरी सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। एनसीआर अध्यक्ष चौधरी कुलदीप गुड्डू ने कहा कि हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। उत्तर प्रदेश सरकार को सभी तहसीलों में नुकसान का आकलन कराकर किसानों को उचित मुआवजा देना चाहिए। उन्होंने बिजली विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार और किसानों के शोषण पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने घोषणा की कि किसानों के शोषण के खिलाफ 6 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे चित्सौन सलेमपुर बिजली घर पर भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के बैनर तले धरना-प्रदर्शन और पंचायत का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, सरकार से गन्ने के भुगतान में ₹50 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की मांग की।

## डी.एन.पी.जी. कॉलेज में रोवर्स एवं रेंजर्स प्रवेश कैंप का शुभारंभ





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। डी.एन.पी.जी. कॉलेज में रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई द्वारा प्रवेश कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्री योगेश कुमार त्यागी ने की, जिन्होंने छात्रों को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और समाज के उत्थान में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी जिला संगठन आयुक्त पवन कुमार राठी (ए.एल.टी.एस) ने संभाली, जबकि सहायक प्रशिक्षक के रूप में विशाल सैनी मौजूद रहे। शिविर का शुभारंभ ध्वजारोपण और ध्वजगीत के साथ हुआ। प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, रोवर्स एवं रेंजर्स स्कार्फ और वॉगल भेंट कर किया। कैंप में शामिल 48 स्वयंसेवकों को विभिन्न टोलियों में विभाजित किया गया, जिनके नाम आजाद टोली, भारत टोली, मयूरी टोली, तिरंगा टोली और कमल टोली रखे गए। शिविर में रोवर्स एवं रेंजर्स विद्यार्थियों को गांठें बांधने, सैल्यूट करने, तालियां बजाने, प्रतिज्ञा, ध्वजानुशासन आदि का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रेंजर्स लीडर डॉ. विनीता गर्ग ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रोवर्स लीडर डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने दिया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकगण अतुल तोमर, डॉ. महेन्द्र कुमार, डॉ. पुष्पेन्द्र मिश्र, डॉ. संदीप कुमार सिंह, डॉ. विनय कुमार सिंह, नरेश कुमार, नवीन तोमर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने टीम के साथ किया नवनिर्माणाधीन कारागार का निरीक्षण

**सम्बन्धित कार्यदाई संस्था को दिये निर्देश, कारागार का निर्माण समय अवधि में कराए पूर्ण**





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । (पुष्पेन्द्र कुमार) मुख्यालय, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी महोदया द्वारा गठित समिति के साथ जनपद हापुड़ के ग्राम अकडौली में नवनिर्माणाधीन कारागार मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय शैलेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, मनमोहन सिंह अधिशासी अभियन्ता, अनूपशहर खण्ड गंगनहर एवं चन्द्रकिरण सहायक अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय कार्य प्रगति पर था। संस्था के प्रतिनिधि को निर्देश दिए गए कि माह जून में बरसात होने से पूर्व प्लिंथ लेबल तक सभी कार्य को पूर्ण कर लिया जाये जिससे सुपर स्ट्रैक्चर में बरसात के समय किसी तरह की असुविधा उत्पन्न न हो तथा निर्देश दिए गए कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए की समय-समय पर आई0आई0टी0 संस्थान या अन्य एजेन्सियों से कार्य में प्रयोग होने वाली सामग्री का टैस्टिंग अनिवार्य रूप से कराते हुए निर्धारित समय अवधि में कार्य पूर्ण कराया जाये।

# मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय डोमा टिकरी विकास खण्ड धौलाना का किया औचक निरीक्षण





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम के द्वारा प्राथमिक विद्यालय डोमा टिकरी विकास खण्ड धौलाना का औचक निरीक्षण किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांग मेत्रिक शौचालय निर्मित नहीं है व अन्य 18 पैरामीटर पूर्ण हैं।

बच्चों के लिए शुद्व पानी व शौचालय की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। विद्यालय में कुल 58 बच्चें पंजीकृत है जिसके सापेक्ष मौके पर 44 बच्चें उपस्थित पाए गये। इंचार्ज प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए गए कि वह बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित कराए तथा मिड-डे-मिल की गुणवत्ता प्रतिदिन चैक करके ही बच्चों को वितरण कराया जाए।

# जुआ खेल रहे गाजियाबाद सहित 5 जुआरी को धौलाना पुलिस ने किया गिरफ्तार



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। पुष्पेन्द्र कुमार) जनपद के थाना धौलाना पुलिस ने पांच जुआरियों को गिरफ्तार, जिनके कब्जे से नकदी व ताश के पत्ते बरामद किए हैं आपको बता दें जनपद में अपराध की रोकथाम एवं जुआरी व सट्टेबाजों अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस ने यूपीएसआईडीसी पुरानी मीट फैक्ट्री के पास से जुआ खेल रहे पांच जुआरी वसीम पुत्र शमसार, इस्तकार पुत्र शकील दोनों निवासी जाकिर कालोनी पिपलेडा थाना धौलना जनपद हापुड़ व सावेज पुत्र बबलू निवासी सैक्टर 11 प्रताप विहार कालोनी,राहुल पुत्र सुमन व साहिल पुत्र मोसीम तीन निवासी सैक्टर 11 प्रताप विहार कालोनी थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 35 हजार सात सौ रुपए की नकदी व 52 ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना धौलाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के द्वारा छात्र,छात्राओं के बेहतर रोजगार के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के एच.आर,संस्थान आकर चयनित छात्र,छात्राओं को दे रहे हैं प्लेसमेंट




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । (पुष्पेन्द्र कुमार) जे.एम.एस ग्रुप के माननीय मैनेजमेंट सचिव डॉ0 रोहन सिंघल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ0 आयुष सिंघल,डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर (डॉ0) सुभाष गौतम ने संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग को बधाई देते हुए अपनी खुशी जाहिर की है। संस्थान के एम.डी डॉ0 आयुष सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया की संस्थान के डायरेक्टर जनरल ने प्लेसमेंट अधिकारियों,डीन,प्राचार्य व विभागाध्यक्षों के मध्य अकादमिक समन्वय/ सामंजस्य बनवाते हुए विषम सेमेस्टर 2024-25 से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अध्यनरत व संस्थान से उत्तीर्ण हुए छात्र /छात्राओं को नामचीन कंपनियों में स्मार्ट पैकेज व सभी मूलभूत सुविधाओं सहित प्लेसमेंट दिलाकर संस्थान का नाम रोशन करते हुए के युवाओं प्रोफेशनल व टेक्निकल छात्र,छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए एक अच्छा भविष्य प्रदान कर रहे हैं। प्लेसमेंट अधिकारी साक्षी गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 3 महीने से कई प्रतिष्ठित कंपनियों के एच.आर जैसे Inditab ,Rupeeq,Techsperts Software Solutions आदि कंपनियों के सभी इंटरव्यू राउंड्स को क्लियर करते हुए छात्र ,छात्राओं ने बेहतरीन रोजगार प्राप्त करते हुए प्लेसमेंट उपलब्धि हासिल की। हाल ही में संस्थान में अध्यनरत अंतिम वर्ष के 10 छात्र,छात्राओं विनय,देव मित्तल,अंशिका,दीपांशु(बी.सी.ऐ ) प्रशांत चौधरी,मानसी,पलक,सागर अरोड़ा (बी.कॉम ) दिषु मलिक,सतेंद्र(बी. बी.ऐ) को रुपैक Rupeeq कंपनी ने अपने यहां एआरओARO के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इंडिटेप Inditab में एक छात्र (दीपांशु गर्ग-बी.सी.ऐ )को सॉफ्टवेयर डेवलपर का स्थान व Techsperts software solutions में दो छात्रों (अभिनव व दीपांशु -बी. सी.ए)ने डिजिटल सॉल्यूशन की पोस्ट पर चयनित होकर संस्थान का नाम रोशन किया है।

छात्रों की इस सफलता पर संस्थान के मैनेजमेंट ने सभी छात्र ,छात्राओं को अपना शुभाशीष देकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।

# रजिस्ट्री कार्यालय पर खराब बंद पड़े वाटर कूलर को सही कराने की पूर्व प्रधान ने की मांग




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । (पुष्पेन्द्र कुमार ) जनपद के चितौली रोड पर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर रजिस्ट्री कराने आए लोगों की सेवा को ध्यान में रखते हुए प्यास लगने पर वाटर कूलर की व्यवस्था की हुई है जिससे लोगों प्यासे ना रहे सके लेकिन काफी दिनों से वाटर कूलर बंद पड़ा है जिसे रजिस्ट्री कार्यालय पर आने वाले लोगों को प्यास लगने पर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा रहा है तो वहीं रजिस्ट्री कराने आए निजामपुर/ कस्तला कासमबाद के पूर्व प्रधान सोनवीर सिंह ने सोशल मीडिया पर खराब पड़े बंद वाटर कूलर की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर रजिस्ट्री कार्यालय के कर्मचारी व प्रशासन से वाटर कूलर को सही करने की मांग की है जिससे लोगों को प्यास लगने पर इधर-उधर ना भटकना पड़े क्योंकि रजिस्ट्री कार्यालय हापुड़ शहर से करीबन 3 से 4 किलोमीटर दूर बनाया गया है और लोगों को पानी की बहुत ही परेशानी उठानी पड़ रही है लोग प्यासे मर रहे हैं।

# वरिष्ठ पत्रकार की बेटी का विवाह संपन्न, पत्रकारों व समाजसेवियों ने दिया आशीर्वाद









**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) पिलखुवा नगर के वरिष्ठ पत्रकार की पुत्री का विवाह से कुशल संपन्न हुआ। पिलखुवा के रेलवे रोड स्थित एक विवाह मंडप में करण और छाया ने सात फेरे लेकर विवाह बंधन में बंध गए। यह शादी दोनों परिवारों के लिए एक खास और यादगार पल था। शादी से पहले 1 मार्च को दिल्ली के शाहदरा में करण के घर पर लगन की रस्म हुई थी, जिसमें दोनों परिवारों के बड़े बुजुर्गों ने शामिल होकर दंपति को आशीर्वाद दिया।

शादी के दिन विवाह मंडप को खूबसूरती से सजाया गया था और मेहमानों ने दूल्हा-दुल्हन को शुभकामनाएं दीं। छाया के पिता गजेंद्र राठी ने अपनी पुत्री को विदा करते हुए भावुक पल बिताए। उन्होंने छाया को नई जिंदगी में खुशहाल और सफल बनने का आशीर्वाद दिया।

इस मौके पर दोनों परिवारों के सदस्यों और करीबी रिश्तेदारों ने शादी में शिरकत की और दंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शादी के बाद दूल्हा-दुल्हन को परिवार के सदस्यों और मेहमानों ने उपहार और आशीर्वाद दिए। इस दौरान खुशी और उत्साह का माहौल था। दोनों परिवारों ने इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया। शादी के बाद छाया ने अपने नए घर की ओर प्रस्थान किया, जहां उनका स्वागत करण के परिवार ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया। यह शादी न केवल दो लोगों का मिलन था, बल्कि दो परिवारों के बीच एक नए रिश्ते की शुरुआत भी थी।

दोनों परिवारों ने इस मौके को खूब धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर अमर उजाला के पिलखवा प्रभारी जितेंद्र शर्मा, जनार्दन सेनी,विक्की मनीष,न्यूज़ नेशन के जिला प्रभारी चरणजीत, एशियन न्यूज़ के जिला प्रभारी वसीम, उजाला हितैषी एक्सप्रेस के जिला प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ,बुलंद संदेश के एडिटर अब्दुल सलाम, पंकज, वरुण कुमार, अशोक कुमार, अमित टॉक, राजीव कंसल प्रेमचंद गुप्ता, प्रदीप प्रताप गुप्ता तथा वेलकम इंडिया के राजेंद्र सिंह ,श्वेता चौधरी नरेन्,आदि ने दंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# घर से टहलने निकले अंकित नमक युवक की धारदार हथियार से गर्दन काट की निर्मम हत्या



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड पर स्थित एचपीडीए द्वारा विकसित की गई आनंद विहार कॉलोनी में सुबह-सुबह उसे समय सनसनी फैल गई जब एक युवक की धारदार हथियार से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी और सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जय, क्षेत्राधिकार जितेंद्र कुमार शर्मा व थाना हापुड़ नगर प्रभारी निरीक्षक मनीष प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर पहले शव को चादर से ढकवाया गया और मृतक युवक को देखने के लिए आसपास सैकड़ो भीड़ इकट्ठा हो गई और और आसपास के लोगों से जानकारी कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक शिवगढ़ी निवासी अंकित बताया गया और घटनास्थल पर पहुंचे मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि अंकित रात्रि में मोबाइल पर बात करने की कहते हुए घर से टहलने निकला था जोकि देर रात्रि तक वापस नहीं लौटा, तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की और 30 वर्षीय अंकित कारपेंटर का कार्य करता था और रविवार को अंकित का शव आनंद बिहार में पड़ा मिला। जिसकी गर्दन काटकर निर्मम हत्या की गई थी। बताते चले रविवार को हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के आनंद विहार कॉलोनी में गर्दन काटी युवक के शव को देखकर पुलिस को सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर जांच शुरू कर दी। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप सिंह ने युवक की हत्या की जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को दी। निर्मम हत्या की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार शर्मा, फॉरेंसिक टीम सहित घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल का मुआयना कर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जय सिंह ने पुलिस करने को निर्देश देते हुए बताया कि आनंद विहार कॉलोनी आरोग्य अस्पताल के निकट युवक का शव बरामद हुआ है। युवक की गला रेत कर हत्या की गई है।

युवक की पहचान नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शिवगढ़ी निवासी अंकित (30) के रूप में हुई है। घटनास्थल का मुआयना करते हुए फॉरेंसिक टीम ने सैंपल एकत्रित किए हैं। मौके पर स्वाट टीम ए की गई है। घटना के खुलासे को तीन टीमों का गठन किया गया है और परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# बिजली बिल भेज भुगतान करने जैसी समस्याओ के समाधान नही होने पर फाउंडेशन ने आन्दोलन की दी चेतावनी



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड । ( पुष्पेन्द्र कुमार) मेरठ रोड पर स्थित संजय विहार और समीपस्थ कालौनी गाँधी विहार, वैशाली, कृष्णाविहार आदि में विघुत निगम द्वारा स्मार्ट मीटर फ्री में लगाने के बाद जनवरी 2025 में बिल मैसैज द्वारा भेजे गए तदोपरांत लगभग 2 माह बाद अभी तक बिल अप्राप्त है विघुत बिल मासिक उपभोग के आधार पर भेजने तथा आवश्यकतानुसार बदले गए केबिल को विघुत पोलस से अभी तक नही जोड़े गये जिसके समाधान हेतु अधिशासी अभियंता विघुत निगम और अधिशासी अभियंता स्मार्ट मीटर से उनके कार्यालय पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का शिष्ट मंडल राजेन्द्र गुर्जर व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में सुन्दर कुमार आर्य जिलाध्यक्ष, विजयपाल आर्य जिला सचिव,ओमप्रकाश जिला महासचिव,महेन्द्र कुमार जिला कोषाध्यक्ष के साथ पहुंचे और दोनों अधिकारी अपने कार्यालय में नहीं मिले जिससे समस्याओ के समाधान हेतु वार्ता नहीं हो सकी उनकी अनुपस्थिति में उनके कार्मिकों को पत्र दिया जिस पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र गुर्जर ने रोष वयक्त करते हुए समस्याओ के समाधान नही होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी।

# नोएडा कारागार में स्थानान्तरित किये हापुड के बन्दियों को जिला कारागार डासना में रखे जाने की हापुड़ बार एसोसिएशन ने की मांग

**मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम व एसपी को सौंपा**



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) हापुड़ बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम व एसपी को सौंपते हुए मांग कि सन् 2022 में जनपद हापुड के बन्दियों को जिला कारागार डासना जिला गाजियाबाद से जिला कारागार नोएडा में स्थानान्तरित करने के लिए शासनादेश जारी हुआ था उस समय जिला कारागार डासना में लगभग 5500 बंदी निरूद्ध थे तथा जनपद हापुड में कारागार का निर्माण भी उस समय अनिश्चित था परन्तु वर्तमान में जिला कारागार डासना में लगभग 4000 बन्दी निरूद्ध हैं तथा जनपद हापुड में कारागार का निर्माण भी शीघ्र ही पूरा होने जा रहा है। जिला न्यायालय हापुड से जिला कारागार डासना की दूरी मात्र 25 कि0मी0 है जबकि नोएडा जिला कारागार की दूरी लगभग 70 कि0मी0 है जिससे जनपद हापुड़ के बंन्दियों को नोएडा से हापुड न्यायालय में लाये जाने में अधिक दूरी, जाम व असुरक्षा का सामना करना पडेगा, साथ ही सरकारी धन का भी अपव्यय होगा, साथ ही बन्दियों के परिजनों एवं अधिवक्ताओं को भी मुलाकात करने में परेशानी होगी जबकि जनपद हापुड में कारागार का निर्माण पूर्ण होने जा रहा है तथा उक्त शासनादेश 2022 के बाद में आज की परिस्थिति वर्तमान में बदल चुकी है इसलिए शासनादेश 2022 को इस समय प्रभाव में लाकर जनपद हापुड के बंदियों को नोएडा स्थानान्तरित किया जाना उचित एवं जनहित में नही है।

हम सभी लोग जनपद हापुड के बंदियों को जनपद हापुड में कारागार का निर्माण पूर्ण होने तक जिला कारागार डासना, जिला गाजियाबाद में ही निरूद्ध रखे जाने के जनहित में आदेश करने की मांग करते हैं। ज्ञापन देने वाले में राजकुमार शर्मा, राजेन्द्र त्यागी, उज्जवल कंसल, पीयूष शर्मा, जावेद, प्रतीक सिंघल, अनस आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# डिजिटल इंडिया का अभिन्न अंग है e-Office", पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिसकर्मियों को e-Office प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। e-Office एक डिजिटल वर्कप्लेस सॉल्यूशन है, जिसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य कार्यालय में सभी पत्र, पत्रावलियों और फाइलों के डिजिटलीकरण के माध्यम से कार्यप्रणाली को सरल, उत्तरदायी, प्रभावी और पारदर्शी बनाना है। यह प्रणाली केंद्रीय सचिवालय नियमावली (CSMeOP) पर आधारित है और कार्यालयी कार्यों को कागजरहित बनाकर प्रक्रियाओं को तेज और सुचारू बनाने में मदद करती है। प्रशिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को e-Office के विभिन्न मॉड्यूल्स, दस्तावेज़ों के डिजिटलीकरण, फाइल ट्रैकिंग और ऑनलाइन स्वीकृति प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि e-Office प्रणाली के माध्यम से न केवल कार्यालयीन कार्यों की गति तेज होगी, बल्कि फाइलों के रखरखाव और ट्रैकिंग भी अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को इस प्रणाली को शीघ्रता से अपनाने और अपने दैनिक कार्यों में डिजिटल प्रक्रियाओं का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के अंत में पुलिसकर्मियों ने e-Office प्रणाली के विभिन्न पहलुओं को लेकर अपने प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान दिया गया। यह पहल डिजिटल इंडिया मिशन के तहत पुलिस विभाग को आधुनिक और डिजिटल कार्यप्रणाली से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# यातायात पुलिस प्रभारी छविराम ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

जनपद हापुड़ के पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेन्जय सिंह ने अपने पीआरओ दरोगा छविराम को प्रभारी यातायात पुलिस पद पर तैनात किया है। यातायात पुलिस प्रभारी छविराम ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होने बताया कि वह नागरिकों के सहयोग से यातायात व्यवस्था को और सुगम बनाने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे, साथ ही नागरिकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक रुल का पालन करें और बच्चों के हाथ में व्हीकल न दें।

## गोवंश हत्या के विरोध में विहिप का प्रदर्शन- प्रयागराज के दरियाबाद में गाय का सिर काटकर सड़क पर फेंका गया था, गिरफ्तारी न होने से आक्रोश



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।दरियाबाद में 27 फरवरी को गोवंश की हत्या कर सिर-पैर सड़क पर था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया तो पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ स्न्ढ्ढक्र दर्ज किया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।इसके विरोध में विश्व हिंदू परिषद आज सोमवार को दरियाबाद पुलिस चौकी का घेराव करेगी। परिषद के लोग यह मांग कर रहे हैं कि इस तरह का कृत्य करने वालों की पहचान अभी तक गिरफ्तारी तक नहीं हुई है। विहिप के अश्विनी ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि जिसने भी इस तरह का कृत्य किया है कि उसकी पहचान CCTV के जरिए की जा सकती है। चार दिन बीतने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी। स्थानीय गोपाल अग्रवाल बताते हैं, पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाएं घटित हो चुकी है। जिसकी सूचना थाने में देने के पश्चात भी कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई थी। गौ माता का सिर एवं पैर काटकर फेंकने वाले आज तक पकड़े नहीं गए। सर्वज्ञ कुमार, अभय सिंह, मानिकलाल, कुवंरजी समेत क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने इस संबंध में पुलिस को सूचना पहले ही दी है।

## दस के बाद हटाए जाएंगे पांटून पुल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।महाकुम्भ के समापन के बाद अब मेला क्षेत्र में पांटून पुलों को हटाने का कार्य दस मार्च से शुरू किया जाएगा। इस बार मेला के लिए कुल 31 पुल बनाया गया था। सबसे पहले ओल्ड जीटी और गंगोत्री-शिवाला पांटून पुल को हटाया जाएगा। जैसे-जैसे पांटुन निकाला जाएगा, वैसे-वैसे उस क्षेत्र के एक किमी के दायरे में बिछाई गई चर्कर्ड प्लेट को भी निकाला जाएगा। पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड चार के अधिशाषी अभियंता सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 31 मई के पहले सभी पुल से पीपा सहित अन्य उपकरण हटा लिया जाएंगे। सभी पुलों को हटाने में दो से ढ़ाई महीने लग जाएगा।

## संगमनगरी में जल निकासी का मास्टर प्लान तैयार करेगा सीएंडडीएस

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।शहर के तमाम मोहल्लों को बारिश के दौरान जलभराव से बचाने के लिए नगर निगम ने स्थाई तैयारी शुरू कर दी है। बारिश का पानी निकालने के लिए शहर के संवेदनशील मोहल्लों में 17 नाले बनाने की योजना बना ली है। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात के आदेश पर नगर निगम ने नाले का प्रस्ताव तैयार कर नगर विकास विभाग को भेजा था। नगर विकस विभाग ने नाला निर्माण को हरी झंडी दे दी। शासन ने नालों का डीपीआर बनाने का काम सीएंडडीएस को सौंपा है। सीएंडडीएस डीपीआर और नालों का निर्माण के साथ पांच साल तक रखरखाव भी करेगा। जल निकासी के लिए प्रथम चरण में मेंहदौरी, अशोक नगर के नेवादा, गंगानगर के बेली, राजापुर के गली 21, बच्चा सोनकर आवास के पास के अलावा चाका, महेवा, झूंसी चमनगंज बाजार, क्रिया योग आश्रम, शांतिपुरम के चंद्रपुर, मिलन चौराहा बहमलपुर में बाबाजी कुटिया, गोहरी के बसना नाला और करेलाबाग में घाघर नाले पर बांध बनाने की योजना है।प्रमुख सचिव ने पिछले साल दिसंबर में जलप्लावन रोकने के लिए सभी नगर निकायों को योजना बनाने का आदेश जारी किया था। आदेश में प्रमुख सचिव ने निकाय क्षेत्र में नालों के निर्माण के लिए बजट में एक हजार करोड़ रुपये प्रावधान किए जाने की भी बात कही थी। नगर निगम के कार्यवाहक मुख्य अभियंता अनिल मौर्या ने बताया कि नालों के निर्माण के लिए जल्द टेंडर निकाला जाएगा।

## सलोरी-हेतापट्टी पुल के लिए सर्वे को टीम गठित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।महाकुम्भ नगर में हुई कैबिनेट की बैठक में जिस सलोरी-हेतापट्टी पुल निर्माण पर मुहर लगी थी, उसका सर्वे अब जल्द ही शुरू होगा। जिलाधिकारी ने इसके लिए टीम का गठन कर दिया है। यह टीम सर्वे में देखेगी कि किस प्रकार से और किन मार्गों से होकर यह पुल बनाया जा सकेगा। सलोरी से हेतापट्टी तक के पुल की मांग लंगे समय से थी। प्रयागराज में महाकुम्भ के दौरान हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में इसे मंजूरी मिली थी। पूर्व में इसका प्रस्ताव तैयार होने के बाद डीपीआर भी तैयार कर लिया गया था। मंजूरी मिलने और महाकुम्भ खत्म होने के बाद अब जिला प्रशासन उन सभी कार्यों में जुट गया है, जिसे शासन ने प्राथमिकता पर करने का निर्देश दिया है। सर्वे के लिए टीम का गठन कर दिया गया है।सर्वे के बाद मालूम चलेगा कि इस क्षेत्र में कितने निर्माण हैं, इसमें से कितने स्थायी और कितने अस्थायी हैं, जिसके अनुसार जमीन अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिससे निर्माण कार्य को पूरा कराया जा सके। तीन किलोमीटर का पुल बनने से होगी राहत

हेतापट्टी से सलोरी के बीच बनने वाला पुल तीन किलोमीटर लंबा होगा। इसके निर्माण से लाखों लोगों को राहत होगी। झूंसी से प्रयाग स्टेशन की ओर आने का नया मार्ग बन जाएगा। दूसरा लाखों लोग जो हर साल बाढ़ की चपेट में आते हैं, वो भी बच जाएंगे।सलोरी-हेतापट्टी पुल के लिए अब सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए टीम का गठन कर दिया गया है। जल्द ही प्रक्रिया शुरू करा दी जाएगी। रविंद्र कुमार मांदड़, डीएम प्रयागराज

## बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय) ।रविवार की रात प्रयागराज रीवा हाईवे स्थित कांटी गांव के सामने एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। करछना थाना क्षेत्र के बरांव गांव निवासी 35 वर्षीय श्यामबाबू सोनकर पुत्र खेतई सोनकर रविवार की रात गौहनिया स्थित एक रिश्तेदार के यहां से प्रयागराज रीवा हाईवे पर अपनी बाइक से रविवार की देर रात कांटी गांव की ओर जा रहा था कि अभी वह ठनठनवा मजरे के सामने स्थित कामदगिरि ढाबा के पास पहुंचा था कि पीछे से तेज गति से आए एक वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे श्यामबाबू सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे सीएचसी जसरा लेकर गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त सूचना जब श्यामबाबू के घर पहुंची तो परिजनो में कोहराम मच गया।

## फायर अफसर ने सीएम योगी की तुलना भगवान राम से-की- अपनी टीम को बताया वानर सेना, त्रिवेणी जल वितरण अभियान में सर्विस रूल्स का उल्लंघन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।महाकुंभ के बाद त्रिवेणी संगम का पवित्र जल प्रदेश भर में भेजा जा रहा है इस दौरान चीफ फायर अफसर प्रमोद शर्मा ने विवादित बयान दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना भगवान श्रीराम से की।फायर अफसर ने अपनी टीम को वानर सेना बताया। उन्होंने कहा कि वे सभी वानर सेना की तरह काम कर रहे हैं। यह बयान सर्विस रूल्स का उल्लंघन माना जा रहा है। फायर ब्रिगेड के वाहनों से यह जल हर जिले तक भेजा जाएगा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संगम का अमृत जल पूरे प्रदेश में पहुंचाया जा रहा है। फायर ब्रिगेड के वाहनों से यह जल हर जिले तक भेजा जाएगा। इससे अधिक से अधिक श्रद्धालु इसका आध्यात्मिक लाभ ले सकेंगे। जिला प्रशासन विशेष कंटेनरों में भरकर संगम जल को श्रद्धा और सम्मान के साथश्रद्धालुओं तक पहुंचा रहा है। भक्तजन इसे अपने घरों और धार्मिक स्थलों में रख सकेंगे।महाकुंभ का संदेश प्रदेश के हर कोने तक पहुंचेगा उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ की द और आध्यात्मिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। अमृत जल वितरण योजना इसी का हिस्सा है। यह श्रद्धालुओं को महाकुंभ की दिव्यता से जोड़े रखेगी। इससे आध्यात्मिक आस्था को बल मिलेगा और महाकुंभ का संदेश प्रदेश के हर कोने तक पहुंचेगा।

## शशांक हत्याकांड में पुलिस ने सूरजभान को उठाया- भाजपा का झंडा लगी स्कार्पियो सवार युवकों में से एक लखनऊ से गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।मम्फोर्डगंज स्थित फौव्वारा चौराहे के पास 25 वर्षीय शशांक सिंह यादव उर्फ अमन की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस टीम लखनऊ में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।मामले में पुलिस ने आरोपी सूरजभान को उठा लिया है। हालांकि पुलिस अभी इससे इंकार कर रही है। पुलिस टीमें आरोपियों के कई रिश्तेदारों को साथ लेकर उनकी निशानदेही पर ही दबिश दे रही हैं।क्या था मामला नवाबगंज के गांव जगदीशपुर चांदा गांव निवासी शिवकुमार यादव राज्य जीएसटी में सीटीओ हैं और बांदा में तैनात हैं। उनके इकलौते पुत्र शशांक सिंह यादव की सोमवार रात मम्फोर्डगंज स्थित फौव्वारा चौराहे के पास काले रंग की स्कार्पियो सवार युवकों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के मामा सचिन कुमार ने कर्नलगंज थाने में शुभम उपाध्याय उर्फ शुभम बीएचएस, सूरजभान, देवेश, अंशुल सिंह यादव, शशांक पंडित, यश पांडेय को नामजद करते हुए चार अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि स्कार्पियो अमेठी के रहने वाले सूरजभान की है। पुलिस उसके घर पहुंची तो पता चला कि कार उसके चाचा उदयभान की है। पुलिस ने उदयभान को हिरासत में ले लिया। अब पुलिस ने छापेमारी कर सूरजभान को उठा लिया है।

## बिजली आपूर्ति बाधित होने से सीएचसी में एक्सरे के लिए लगी भीड़




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में बिजली की आपूर्ति बाधित होने के कारण एक्स-रे मशीन का संचालन न हो पाने के कारण दर्जनों मरीज आपूर्ति की बाट जोहते रहे। 11 बजे बिजली आपूर्ति बहाल होने के आने पर एक्स-रे का कार्य शुरू किया गया। सीएचसी जसरा में बिजली की अनियमित दिनचर्या से एक्स-रे कराने आये मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। एक्स-रे टेक्नीशियन अखिलेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिदिन 50 से 60 लोगों का एक्स-रे किया जाता है। पिछले महीने जिले में सीएचसी जसरा की रिपोर्ट उच्च स्तर की रही। उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण एक्स-रे कराने वालों को परेशानी उठानी पड़ती है। सोमवार को कुल 54 मरीजों ने एक्स-रे कराया। इस अवसर पर डार्क रूम सहायक मंजू सिंह मौजूद रहीं।

## बुलंदशहर में महिला स्वास्थ्य के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से, न्यूबेला सेंटर फॉर वुमेन हेल्थ और लाइटहाउस काउंसलिंग सेंटर ने महिला स्वास्थ्य के लिए समर्पित अत्याधुनिक %सेंटर ऑफ एक्सीलेंस% के शुभारंभ की घोषणा की।

इस केंद्र का उद्घाटन प्रसिद्ध कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर रमोला बच्चन की उपस्थिति में हुआ, जहां क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। न्यूबेला सेंटर फॉर वुमेन हेल्थ की संस्थापक निदेशक और लाइटहाउस काउंसलिंग सेंटर की सह-संस्थापक डॉ. गीता श्रॉफ ने कहा कि महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देती हैं। इस सेंटर के माध्यम से महिलाओं को वह देखभाल, सहयोग और संसाधन प्रदान किए जाएंगे, जिनकी उन्हें स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए आवश्यकता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर लॉन्च किया गया यह सेंटर महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता को दर्शाता है। यहां महिलाओं के लिए प्रजनन स्वास्थ्य, पीसीओएस, फाइब्रॉइड्स, बांझपन, गर्भावस्था देखभाल, कैंसर स्क्रीनिंग, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, पोषण योजनाएं, उन्नत डायग्नोस्टिक्स और मासिक धर्म संबंधी समस्याओं के निदान जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सेंटर में स्त्रीरोग विशेषज्ञ, एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट, पोषण विशेषज्ञ और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की अनुभवी टीम मौजूद है। लाइटहाउस काउंसलिंग सेंटर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, तनाव और अवसाद प्रबंधन, प्रसवोत्तर देखभाल और कार्य-जीवन संतुलन के लिए विशेष सहायता प्रदान करेगा। इसके अलावा, सेंटर महिला स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा पर भी ध्यान देगा।

यहां नियमित रूप से कार्यशालाओं, सेमिनारों और सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ के अवसर पर, पूरे मार्च महीने महिलाओं को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा दी जाएगी।

## बुलंदशहर में 5 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल करियर सेंटर, बुलंदशहर द्वारा 5 मार्च 2025 को प्रात: 11.00 बजे एसबीएमटी कॉलेज, ग्राम खेतलपुर भांसोली, खुर्जा रोड, बुलंदशहर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में लगभग 8-10 निजी कंपनियां भाग लेंगी, जो तकनीकी और गैर-तकनीकी क्षेत्रों में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, बीसीए, बीकॉम, बीबीए, बीएससी और एमबीए उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं को करीब 750 पदों पर चयनित करेंगी। रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट rojgaarsangam.up.gov.in एवं ncs.gov.in पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा।

## 11 संस्कृत विद्यालयों के जीर्णोद्धार के लिए 1.10 करोड़ जारी




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।प्रोजेक्ट अलंकार के तहत प्रदेश के 11 संस्कृत विद्यालयों के जीर्णोद्धार के लिए 1.10 करोड़ रुपये जारी हुए हैं। शासन के विशेष सचिव आलोक कुमार की ओर से जारी आदेश में जिन विद्यालयों को शामिल किया गया है उनमें वाराणसी के सर्वाधिक पांच विद्यालय हैं। विभिन्न कार्यों के लिए कुल 2.91 करोड़ रुपये मंजूर हुए जिनमें से 40 प्रतिशत राशि जारी हुई है। शिक्षा निदेशालय में उपनिदेशक संस्कृत रामाज्ञा कुमार ने बताया कि श्री भगवान विष्णु स्वामी सतुआ बाबा संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़वासी टोला वाराणसी में हॉल, कक्षा-कक्ष, बाथरूम, शौचालय, सीढ़ी, विद्युतीकरण और टरमाईट ट्रीटमेंट के लिए 25 लाख, श्री रुद्र अध्यात्म संस्कृत विद्यालय भायठ भोपापुर वाराणसी में कक्षा-कक्ष, शौचालय एवं बारामदा, रिपेयरिंग एवं रंगाई-पुताई का काम, कक्षा-कक्ष में टायलीकरण के लिए 25 लाख, श्री सरस्वती संस्कृत उच्चतर माध्यमिक गुरुवट राजापुर चोलापुर वाराणसी में दो स्टाफ रूम, बरामदा, दो क्लास रूम, टरमाईट ट्रीटमेंट व विद्युतिकरण के लिए 25 लाख, श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आरूम संस्कृत माध्यमिक विद्यालय शिवपुर वाराणसी में विद्युतिकरण, छह कक्षा-कक्ष, सीढ़ी व बरामदा निर्माण के लिए 50 लाख जबकि श्री आदर्श शंकर संस्कृत विद्यालय मरुई वाराणसी में तीन कक्षा-कक्ष, एक प्रधानाचार्य कक्ष, कार्यालय कक्ष, शौचालय ब्लॉक और बरामदा के लिए 25 लाख रुपये मिला है।

## यात्रियों की सहूलियत और सुविधा के लिए स्वरेल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।पीयूष श्रीवास्तव। ट्रेन से सफर करने वालों के लिए अच्छी खबर है। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे अक्सर अभिनव प्रयोग करता रहा है। इसी के तहत अब रेलवे की कई सुविधाएं एक ही एप पर मिलेगी। विभिन्न सेवाओं के लिए अलग-अलग एप डाउनलोड करने की जरूरत नहीं होगी। भारतीय रेलवे ने (स्वरेल) नाम से नया सुपर एप लॉन्च किया है, जिसमें यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन लोकेशन ट्रैकिंग, पीएनआर पूछताछ, आईआरसीटीसी सेवाएं, खानपान ऑर्डरिंग, रेल मदद, माल ढुलाई और शिकायत निवारण जैसी सुविधाएं एक ही जगह मिलेंगी।उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि फिलहाल %स्वरेल% का बीटा वर्जन जारी किया गया है, जिसे उपयोगकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर और बेहतर बनाया जाएगा। यह एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और इसे लिंक के जरिए डाउनलोड किया जा सकता है। स्वरेल सुपर एप को सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम (सीआरआईएस) ने विकसित किया है। इस एप से यात्री आरक्षित, अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं। इसके अलावा पार्सल व मालभाड़े की जानकारी, ट्रेन व पीएनआर स्टेटस, ट्रेनों में खाना ऑर्डर कर सकते हैं। शिकायत के लिए 'रेल मदद से भी संपर्क कर सकते हैं। इस एप का उद्देश्य रेलवे से जुड़ी सभी डिजिटल सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराना है। अभी तक रेलवे की हर सुविधा के लिए अलग-अलग मोबाइल एप डाउनलोड करना पड़ता था। कई बाहरी एप से टिकट बुकिंग में अतिरिक्त चार्ज भी लगता था। रेलवे के एक एप पर ही यात्रियों को विभिन्न तरह की सुविधा मिलेगी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी होली पर्व एवं अन्य त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

### विद्युत, साफ-सफाई, पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के दिए निर्देश



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में आगामी होली पर्व एवं अन्य त्यौहारों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा त्यौहारों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में अपने-अपने सुझाव दिए गए, जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग, स्वास्थ्य, नगर निगम, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की इंटर्नल बैठक कर इसकी सूचना 07 मार्च तक उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक दवाईयों एवं चिकित्सकों की उपस्थिति की व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। इसके साथ ही साथ उन्होंने एम्बुलेंस की भी समुचित व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। उन्होंने सभी चौराहों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने व शराब की दुकानों को निर्धारित समय पर बंद किए जाने के निर्देश दिए है।

बैठक में जिलाधिकारी ने कलेक्टेऊट परिसर में बनाये गये कंट्रोल रूम को क्रियाशील रखने और वहां पर अधिकारियों/ कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्टवार लगाने के निर्देश दिए है। कंट्रोल रूम का नम्बर -0532-2641577 , 0532-2641578 है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, अपर नगर मजिस्टेऊटों एवं सभी एसीपी को अपने-अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी के साथ बैठक करने और सभी होलिका दहन स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने नगर निगम एवं जिला पंचायतराज अधिकारी को साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को मार्गों पर लटकते हुए तारों को तत्काल ठीक कराये जाने व बिजली तारों के नीचे होलिका दहन स्थल न रहे, सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इसके साथ ही साथ विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था एवं जल निगम को पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों से फायर टेण्डर को एलर्ट मोड में रखने व मोबाइल दस्ते को क्रियाशील रखकर किसी घटना की स्थिति में क्विक रिस्पांड करने के लिए कहा है। उन्होंने इस अवसर पर ओवर स्पीडिंग रोकने, नशे की हालत में वाहन न चलाये जाने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने मिलावटी खाद्य पदार्थों पर विशेष निगरानी रखने, किसी भी दशा में मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री न होने पाये, मिलावटी खाद्य-पदार्थों की बिक्री करने वालो पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी व अपर पुलिस आयुक्त ने सभी से आपसी भाई-चारे एवं सौहार्द के साथ मिल-जुलकर शांतिपूर्वक त्योहारों को मनाये जाने की अपील की है। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त श्री एन0 कोलांची, सभी डीसीपी, अपर जिलाधिकारीगणों के साथ अन्य वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगणों के अलावा पीस कमेटी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बिसरख स्वास्थ्य केंद्र पर बेटियों के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।



उजाला हितैषी एक्सप्रेस
ब्यूरो ग्रेटर नोएडा

अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे संगठन द्वारा चलाये गये 12 दिवसीय महिला जागरूकता अभियान के अन्तर्गत ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित बिसरख स्वास्थ्य केंद्र पर बेटियों के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान विशेषज्ञ डाक्टर्स और कानून विशेषज्ञों के पैनल द्वारा बेटियों को स्वास्थ्य (पर्सनल हाइजीन) एवम महिलाओ के अधिकार (सुरक्षा) आदि विषय को लेकर जागरूक किया गया। दिल्ली हाईकोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट नीलम यादव ने बेटियों को उनके अधिकारों और सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध करायी जबकि डा. सचिंद्र मिश्रा और डा. गुरजिंदर कौर ने बेटियों को उनके स्वास्थ्य विशेषकर पर्सनल हाइजीन को लेकर जानकारी उपलब्ध करायी। इस अवसर पर संस्थापक डा.राहुल वर्मा महासचिव अनिल भाटी, एडवोकेट सरिता जोशी डा.रितु सिन्हा आदि लोगो ने सत्र को संबोधित किया।

## हिम्मत,मेहनत और नीयत पुस्तक का विमोचन सुनीता बैंसला ने किया



**मीना देवी, उजाला हितैषीएक्सप्रेस, ब्यूरो चीफ राजस्थान।**

झालावाड़ 03 मार्च आयकर विभाग भारत सरकार की सेवानिवृत्त मुख्य महानिदेशक सुनीता बैंसला सोमवार को झालावाड दौरे पर रही उनके द्वारा झालरापाटन शहर के द्वारकाधीश मंदिर व सूर्य मन्दिर के दर्शन किए है।राजस्थान गुर्जर महासभा के झालावाड़ जिलाध्यक्ष सूरतराम गुर्जर ने बताया कि सुनिता बैंसला के द्वारा होटल विशाल पैलेस में स्वर्गीय कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की स्मृतियों पर आधारित पुस्तक हिम्मत,मेहनत और नीयत पुस्तक का विमोचन किया है।कार्यक्रम में सुनीता बैंसला ने बताया कि कर्नल साहब की स्मृतियों पर आधारित पुस्तक हिम्मत,मेहनत और नीयत युवाओं के लिए एक सामाजिक संविधान के तौर पर काम करेगी और उन्हें हर समय प्रेरणा देंगी ऐसा विचार यहां के युवा जनो ने एक स्वर में सहमती के साथ व्यक्त किया है।कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता सूरतराम गुर्जर ने कहां कि कर्नल साहब को सर्व समाज का अग्रणी चेतना पुरुष मानते हुए बार-बार दोहराया कि उनके विचार समाज,गाँव,प्रदेश और राष्ट्र के लिए प्रासंगिक है। महिला शिक्षा,महिला उत्थान, महिला सशक्तिकरण पर व्यक्त किए गए कर्नल साहब के विचारों को वृहद रूप से स्वीकारने की आज आवश्यकता है।इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि यहां कर्नल साहब के पुराने साथियों और नव युवाओं ने अपनेट्ठअपने विचारों को और कर्नल साहब के साथ बिताए गए समय को विस्तार से साझा किया है।कार्यक्रम को गुर्जर महासभा के प्रदेश संयोजक देवकरण गुर्जर,गुर्जर महासभा झालावाड़ जिला संयोजक तुफान सिंह गुर्जर,जीकेप जिलाध्यक्ष ललित गुर्जर,बजरंग गुर्जर,मुकेश गुर्जर, राकेश गुर्जर,दिलीप गुर्जर, रामपाल गुर्जर,विशाल गुर्जर, मोहन गुर्जर,नंदकिशोर गुर्जर, भागीरथ गुर्जर,रामचन्द गुजर आदि ने संबोधित किया है।उक्त सभा में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक व छात्र वर्ग मौजूद रहे है।

## समाजसेवियों के सहयोग से निर्धन परिवार की बेटी की शादी बड़े ही धूमधाम से हुई संपन्न- गंगेश्वर दत्त शर्मा





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो ग्रेटर नोएडा**

नोएडा, गांव बरौला सेक्टर- 49, नोएडा पर किसान मंच के नेता सुधीर चौहान, गजन चौधरी, नवरत्न फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ अशोक श्रीवास्तव, सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा सहित कई समाजसेवियों के संयुक्त प्रयास/ आर्थिक सहयोग से 1 मार्च 2024 को आर्थिक रूप से कमजोर एक मजदूर की बेटी की शादी बड़े ही धूमधाम से संपन्न कराई गई। शादी में टेंट, खाने-पीने का सामान सहित अन्य व्यवस्थाएं बेहतरीन तरीके से की गई और विवाह में नव दंपति की जरूरत का सभी घरेलू सामान उपहार में देकर बेटी की विदाई कराई गई। सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा की आर्थिक रूप से कमजोर गरीब परिवार की बेटी की शादी में समाज के लोग अगर इसी तरह आगे जाकर सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करें तो गरीब परिवार को भी बेटी कभी बोझ महसूस नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल को और आगे बढ़ाने की जरूरत है। समाजसेवियों के उपरोक्त प्रयास की लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। वही बेटी की शादी में समाजसेवियों के सहयोग/ मदद करने के लिए बेटी के माता-पिता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## देश के विकास का स्तर उसकी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में झलकता है- मुर्मु



नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि किसी भी देश के विकास का स्तर उसकी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में झलकता है। राष्ट्रपति ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में दो दिन के विजिटर कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति 184 केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों की विजिटर यानी कुलाध्यक्ष हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों से कहा कि भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य को हासिल करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ शोध पर भी अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहुत अच्छे उद्देश्य से राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उच्च शिक्षा संस्थान इस महत्वपूर्ण पहल का अच्छा उपयोग करेंगे और शोध को प्रोत्साहित करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि उच्च शिक्षा समुदाय की महत्वाकांक्षा यह होनी चाहिए कि संस्थानों के शोधकर्ताओं को विश्व स्तर पर मान्यता मिले, संस्थानों के पेटेंट दुनिया में बदलाव ला सकें और विकसित देशों के छात्र उच्च शिक्षा के लिए भारत को पसंदीदा गंतव्य के रूप में चुनें। उन्होंने कहा कि भारत के छात्र अपनी प्रतिभा से विश्व के अग्रणी शिक्षण संस्थानों और विकसित अर्थव्यवस्थाओं को समृद्ध करते हैं। उन्होंने देश में उनकी प्रतिभा का उपयोग करने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का राष्ट्रीय लक्ष्य तभी हासिल होगा जब विश्व समुदाय प्रयोगशालाओं में किए जा रहे कार्यों को अपनाने के लिए उत्सुक होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के कई उच्च शिक्षा संस्थानों की वैश्विक ब्रांड वैल्यू है। इन संस्थानों के छात्रों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों और कंपनियों में बड़ी जिम्मेदारियां मिलती हैं। सभी संस्थानों को बहुत तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। हमारी बड़ी युवा आबादी की अपार प्रतिभा को विकसित और उपयोग करके उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों के नेतृत्व को मान्यता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में वैज्ञानिक उपलब्धियों की समृद्ध परंपरा है। देश के हर क्षेत्र में भारतीय ज्ञान और विज्ञान की शाखाएं और उप-शाखाएं फली-फूली हैं। गहन शोध करके ज्ञान और विज्ञान की अमूल्य लेकिन विलुप्त धाराओं को फिर से खोजना बहुत उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि आज के संदर्भ में ऐसी व्यवस्थित रूप से विकसित ज्ञान प्रणालियों का उपयोग करने के तरीके खोजना उच्च शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र की जिम्मेदारी है। उद्घाटन सत्र के दौरान राष्ट्रपति ने नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास श्रेणियों में आठवें विजिटर्स अवार्ड प्रदान किए। नवोन्मेष के लिए विजिटर अवार्ड बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सरिपेला श्रीकृष्ण को दिया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को बढ़ावा देने के लिए क्वांटम प्रौद्योगिकी में नवीन स्वदेशी नवोन्मेष विकसित किया। भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए विजिटर अवार्ड हैदराबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अश्विनी कुमार नांगिया को दिया गया, जिन्होंने किफायती लागत पर बेहतर प्रभावकारिता वाली उच्च जैव उपलब्धता वाली दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स की खोज और विकास में महत्वपूर्ण अनुसंधान किया। जैविक विज्ञान में अनुसंधान के लिए विजिटर अवार्ड दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर रीना चक्रवर्ती और पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राज कुमार को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। प्रोफेसर चक्रवर्ती को यह पुरस्कार मीठे जल के कृषि में उनके अनुसंधान योगदान के लिए दिया गया है, जबकि प्रोफेसर राज कुमार को यह पुरस्कार विभिन्न कैंसर हॉलमार्क की खोज और सिंथेटिक एंटीकैंसर लेड अणुओं के विकास में उनके अनुसंधान योगदान के लिए दिया गया है। प्रौद्योगिकी विकास के लिए विजिटर अवार्ड गति शक्ति विश्वविद्यालय के डॉ. वेंकटेश्वरलु चिंतला को लैंडफिल नगरपालिका मिश्रित प्लास्टिक कचरे से वाणिज्यिक स्तर पर पेट्रोल और डीजल उत्पादन में उनके शोध योगदान के लिए प्रदान किया गया।

## प्रतियोगितायें खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का सुदृढ मंच है - के एल मीणा अखिल भारतीय विद्युत पावरलिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का समापन समारोह सम्पन्न




**मीना देवी, उजाला हितैषीएक्सप्रेस, ब्यूरो चीफ राजस्थान।**

कोटा, 3 मार्च 2025, कोटा थर्मल में अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वाधान में 46 वीं पावरलिफ्टिंग और बॉडीबिल्डिंग टूर्नामेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के निदेशक प्रोजेक्ट के.एल.मीणा व विशिष्ठ अतिथि कोटा थर्मल के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता वाई एस कटियार रहे देर रात तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद विभिन्न राज्यों के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किये टूर्नामेन्ट में बॉडीबिल्डिंग का विद्युतश्री उत्तराखण्ड के रमन पटेल को व शेलेन्द्र श्रीवास को पावरमैन के खिताब से नवाजा गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के एल मीना ने खिलाड़ियों को अपने सम्बोधन में पावरलिफ्टिंग और बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता को खेल विकास में सराहनीय कदम बताया इससें विभिन्न राज्यों के विद्युत विभागों में कार्यरत उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा कौशल दिखाने का अवसर मिला है। उन्होने अखिल भारतीय विद्युत स्तर की प्रतियोगिता पहली बार राजस्थान में कराए जाने पर और राजस्थान की पावरलिफ्टिंग टीम के शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम बार टीम चैम्पियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। टूर्नामेन्ट आयोजन समिति अध्यक्ष सुनीत जैन ने अपने समापन भाषण में पहलीबार मेंजबानी मिलने पर फेडरेशन का आभार जताया साथ ही प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर विशेषकर अधीक्षण अभियन्ता मलकीत सिंह, बलजीत सिंह अधिशाषी अभियन्ता महेन्द्र सिंह सोलंकी, क्षमा कटारा, एन के शर्मा, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पवन शर्मा, सहायक अभियन्ता निशान्त शर्मा व अरविन्द स्वामी सहित समस्त आयोजन समिति सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। समिति के सदस्य एवं थर्मल के संयुक्त निदेशक हेमन्त मदान ने खेल की महत्ता के बारे बताया और युवा पीढ़ी को खेलों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिये प्रेरित किया और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया विशेषकर राजस्थान टीम द्वारा दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कॉस्य पदक जीतकर राजस्थान का गौरव बढ़ाने के लिये शुभकामनाएं दी। समिति के सदस्य एवं थर्मल के उपमुख्य अभियन्ता ए के चालाना ने राजस्थान बॉडी बिल्डिंग एसोसिऐशन और कोटा जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव अशोक औदिच्य और रेफरी चंद्रेश सोनी, एम्पायर अन्तराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी मनीषा प्रजापति, शहजाद, आशीष जैमन, सैफी रिजवी, जितेन्द्र की सहमति के बाद प्रतियोंगिता के परिणाम की घोषणा की। पावरलिफ्टिंग टूर्नामेन्ट में पंजाब को प्रथम, राजस्थान को द्वितीय और मध्यप्रदेश का तृतीय स्थान मिला। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन हुए रोमांचक मुकाबलों में 93 किग्रा भारवर्ग के पावरलिफ्टिंग में राजस्थान के अजीत सिंह ने स्वर्ण, विशाल वर्मा (मप्र) ने रजत व अमनदीप सिंह (पंजाब) ने कॉस्य पदक जीता। 105 किग्रा भारवर्ग के पावरलिफ्टिंग में राजस्थान के हरीश कुमार मीना ने स्वर्ण, सुरेन्द्र सिंह (पंजाब) ने रजत व अतुल समाधिया (मप्र) ने कॉस्य पदक जीता। 120 किग्रा भारवर्ग के पावरलिफ्टिंग में किशन सिंह (पंजाब) ने स्वर्ण, राजस्थान के जोधपुर डिस्कॉम नन्दारी के नरेश कुमार गोयल ने रजत व प्रसाद सुरेश (महाराष्ट्र) ने कॉस्य पदक जीता। 120 किग्रा से अधिक भारवर्ग के पावरलिफ्टिंग में गगन सिंह (पंजाब) ने स्वर्ण राजस्थान के जयपुर डिस्काम धौलपुर के रूपसिंह ने रजत व अफजल खान (मप्र) ने कॉस्य पदक जीता। समारोह के विशिष्ठ अतिथि वाई एस कटियार ने बॉडीबिल्डिंग टूर्नामेंट परिणामों की घौषणा की। बॉडीबिल्डिंग टूर्नामेंट में महाराष्ट्र को प्रथम, हरियाणा को द्वितीय व उत्तराखण्ड को तृतीय स्थान मिला। बॉडीबिल्डिंग में 162 सेमी हाइट वर्ग में महाराष्ट्र के सुनील सेवन्त ने स्वर्ण, शीनू सिंह (हरियाणा) ने रजत व नरेन्द्र कश्यप (उत्तराखण्ड) ने कॉस्य पदक जीता। 167 सेमी हाइट वर्ग में उत्तराखण्ड के रमन पटेल ने स्वर्ण, विजय सिंह (हरियाणा) ने रजत व नामदेव शिन्दे (महाराष्ट्र) ने कॉस्य पदक जीता। 172 सेमी हाइट वर्ग में महाराष्ट्र के राहुल काम्बले ने स्वर्ण, नरेन्द्र सिंह (पंजाब) ने रजत व जयपुर डिस्कॉम झालावाड़ के शाकिर हुसैन (राजस्थान) ने कॉस्य पदक जीता। 172 सेमी से अधिक हाइट वर्ग में महाराष्ट्र के अमित पटेल ने स्वर्ण, बिजेन्द्र हुड्डा (हरियाणा) ने रजत व जसप्रीतसिंह (पंजाब) ने कॉस्य पदक जीता। अखिल भारतीय विद्युत खेल नियन्त्रण बोर्ड में राजस्थान से कार्यकारी सदस्य और सहायक निदेशक जनसम्पर्क पवन शर्मा ने बताया कि राजस्थान विद्युत निगम टीम के 2 खिलाड़ियों ने पहली बार अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किये है। अन्य राज्यों के पदक विजेता खिलाड़ी स्पोर्ट्स कोटे से भर्ती होकर नौकरी से स्पेयर रहकर नियमित खेलों का अभ्यास करते हैं। वहीं राजस्थान विद्युत निगम के सभी पदक विजेता कर्मचारी परीक्षा देकर भर्ती हुए है और प्रतिदिन अपनी नौकरी के पश्चात् समय निकालकर अभ्यास करते है। इस प्रकार से हमारे पदक विजेता सभी खिलाड़ियों ने विपरीत परिस्थितियों में भी पदकीय सफलता प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, आशा से भविष्य में इसे कायम रखेंगें।

## होली और ईद को शांतिपूर्ण बनाने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

सिकंदराबाद (सचिन शर्मा)। आगामी होली और ईद के त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने की, जिसमें पुलिस प्रशासन, नगर के गणमान्य नागरिकों और धार्मिक नेताओं ने भाग लिया। एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने निर्देश दिया कि सभी चौकी इंचार्ज अपने-अपने क्षेत्रों में होली दहन स्थलों का निरीक्षण करें और रिपोर्ट तैयार करें। यदि किसी नई जगह पर होली दहन किया जाता है, तो प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। कोतवाल अनिल कुमार शाही ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की अशांति या हुड़दंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे परंपरागत भाईचारे और मेल-जोल के साथ त्योहार मनाएं। बैठक में नगर की प्रमुख समस्याओं पर भी चर्चा हुई। रविंद्र शर्मा ने मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने की मांग उठाई और नगर में उचित पार्किंग व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया ताकि ट्रैफिक की समस्या कम हो। इस बैठक में पूर्व नगर अध्यक्ष पिंकी बोहरा, नवीन राजपूत, नितिन जैन, संजय बंसल, जामा मस्जिद के मौलाना आरिफ कासमी, जीत प्रधान, पूर्व सभासद एजाज, रवि प्रधान, जीत गढ़ी प्रधान रविंद्र यादव, सभासद आसिफ गाजी, छोटू अल्वी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना हापुड़ देहात पुलिस ने किया क्षेत्र में पैदल मार्च

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**अमित कुमार**



हापुड़- आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी। सोमवार को थाना हापुड़ देहात के नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने टीम के साथ क्षेत्र मे पैदल मार्च कर लोगों को शांति सुरक्षा का संदेश दिया।

साथ ही कहा कि त्योहारों पर माहौल खराब करने बालो के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई शरारती तत्व दिखाई दे तब उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्रत्येक पर्व हमे भाईचारे की सीख देता है और हमको मिलजुलकर ही पर्व मनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पर्वो पर किसी ने अफवाह या माहौल को खराब करने की कोशिश की तब उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

## पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह सिरोही की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित



**उजाला हितैषीएक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह सिरोही की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनके परिजनों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर उनके आवास पर हवन-यज्ञ का आयोजन कर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक श्रीमती उषा सिरोही, भाजपा नेता दिग्विजय सिरोही, ज्योति दिग्विजय सिरोही, श्रीमती कुंती देवी, सांसद भोला सिंह, नगर पालिका चेयरमैन श्रीमती दीप्ति मित्तल, मीर सिंह, अन्नू चौधरी, गंभीर सिंह, गौरव मित्तल, पूर्व प्रमुख विनोद चौधरी, भीष्म सिसोदिया समेत कई इष्ट-मित्र और समर्थक शामिल हुए।

## गौरव प्रधान बने अखिल भारतीय पंचायत परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा) । तहसील अनूपशहर के गांव सौहरखा निवासी दिग्गज किसान नेता गौरव प्रधान को अखिल भारतीय पंचायत परिषद में प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय और उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव ठा. गवेंद्र सिंह एडवोकेट ने उन पर विश्वास जताते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी। गौरव प्रधान, जो भारतीय किसान यूनियन (भानु) के युवा मेरठ मंडल अध्यक्ष भी हैं, ने इस नियुक्ति पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे और किसी भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता को उनकी आवश्यकता होगी तो वे 24 घंटे तत्पर रहेंगे।

## मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे मजदूरों की झोपड़ी में लगी आग



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) बहादुरगढ़ क्षेत्र में झोपड़ी में आग लगने से तीन पशु जिंदा जल गए तो वहीं ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद दो पशुओं की बचाई जान, आपको बता दें थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव गंदू नगला में सोमवार की शाम को अज्ञात कारणों के चलते एक मजदूर की झोपड़ी में आग लगने से परिवार में मचा हड़कंप जहां अचानक से आग लगने से तीन पशु जिंदा जल गए जबकि दो पशुओं की ग्रामीणों ने किसी तरह जान बचा ली बताते चलें घटना के वक्त परिवार मजदूरी करने गया था और आपकी सूचना पर पहुंचे वहां का नजारा परिवार के सदस्यों का का रो-रो बुरा हाल हो गया कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया तो वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे नवनियुक्त बहादुरगढ़ थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने तत्काल फायर ब्रिगेड व डॉक्टरों की टीम को मोके पर बुलाया और पुलिस मामले की जांच में जुट गई ,ओर बहादुरगढ़ थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। मिली जानकारी के अनुसार परिवार ईट के भट्टो पर मजदूरी कर जीवन यापन करता है और ग्रामीणो व परिजनों ने शासन प्रशासन से मुआवजे दिलाने की मांग की है तो वहीं पीड़ित परिवार ने आग से करीब पांच लाख रुपये के नुकसान की बात कही है। नायाब तहसीलदार पवन यादव ने बताया कि नुकसान के आंकलन के लिए लेखपाल को मौके पर भेजा गया है।

## रामनगरी पहुंचे केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किए भगवान रामलला के दर्शन

अयोध्या/नई दिल्ली । पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी सोमवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान रामलला की पूजा-अर्चना और दर्शन किए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या धाम के महासचिव चंपत राय से भी मुलाकात की। हरदीप पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी तस्वीरें भी शेयर की। भगवान रामलला के दर्शन के बाद उन्होंने बताया कि पावन धाम राम मंदिर भारत का 'राष्ट्र मंदिर' है। प्रभु श्रीराम जी के आदर्श विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में हम सभी के लिए प्रेरणापुंज बने रहेंगे। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे। रघुनाथाय नाथाय सीताया: पतये नम: ॥ अलौकिक अयोध्या जी में आज प्रभु श्री रामलला के दर्शन-पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पावन धाम राम मंदिर भारत का 'राष्ट्र मंदिर' है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के आदर्श 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि में हम सभी के लिए प्रेरणापुंज बने रहेंगे। प्रभु राघवेंद्र सरकार की कृपा सभी पर बनी रहे। इसके अलावा केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भगवान राम की जन्मभूमि की अपनी दिव्य यात्रा का एक वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा, 卐अयोध्या धाम में भव्य और दिव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करने और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जो करुणा, भाईचारे और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का प्रतीक है। गौरतलब है कि प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए पहुंची थी।